रविवार, 18 जनवरी 2026

**मौसम**

तापमान 15 – 26
आर्द्रता 60%
सूर्योदय: 06:19 सूर्यास्त: 17:14

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव॥

www.samagya.in

# समाज्ञा



इस वर्ष से चारधाम मंदिर परिसरों में मोबाइल, कैमरे पर प्रतिबंध पृष्ठ 7

स्थानीय खबरें पृष्ठ चार, पांच और छः पर

कोलकाता, माघ कृष्णपक्ष अमावस्या, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 4.00 रुपये

**सुविचार :** अधूरा ज्ञान और छोटी सोच हमेशा समस्या पैदा करते हैं समाधान नहीं।




# भाजपा घुसपैठियों को पहचान कर देश से बाहर करेगी : मोदी

### मालदह की रैली में प्रधानमंत्री मोदी ने घुसपैठ और शरणार्थी मुद्दे पर ममता सरकार पर साधा निशाना



### बोले- राज्य में घुसपैठियों और सत्ताधारी दल की मिलीभगत, दंगे तृणमूल के संरक्षण और 'सिंडिकेट राज' का नतीजा

**मालदह :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को पश्चिम बंगाल की तृणमूल कांग्रेस सरकार पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि भाजपा सत्ता में आते ही घुसपैठियों को एक-एक कर देश से बाहर निकालेगी। विधानसभा चुनाव से पहले मालदह जिले में आयोजित भाजपा की परिवर्तन संकल्प रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में अवैध घुसपैठियों और सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के बीच गहरी सांठगांठ है और उन्हें वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने ममता बनर्जी सरकार को संवेदनहीन बताते हुए कहा कि बंगाल के लोगों को आयुष्मान भारत जैसी महत्वपूर्ण स्वास्थ्य बीमा योजना से वंचित रखा गया है। उन्होंने जनता से अपील की कि तृणमूल सरकार को हटाकर राज्य में सुशासन वाली सरकार बनाई जाए।

मोदी ने कहा कि घुसपैठ आज बंगाल की सबसे बड़ी समस्या बन चुकी है। बड़े पैमाने पर अवैध प्रवासन से न केवल राज्य की जनसांख्यिकी प्रभावित हुई है, बल्कि कई इलाकों में दंगों जैसी स्थिति पैदा हो गई है, जो तृणमूल के संरक्षण और 'सिंडिकेट राज' का परिणाम है। उन्होंने कहा कि घुसपैठियों और सत्ताधारी दल के गठजोड़ को तोड़ना जरूरी है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि भाजपा सरकार बनते ही घुसपैठ और अवैध प्रवास के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। प्रधानमंत्री ने उदाहरण देते हुए कहा कि दुनिया के कई समृद्ध और विकसित देश अवैध प्रवासियों की पहचान कर उन्हें बाहर निकालने के लिए सख्त कदम उठा रहे हैं, और बंगाल में भी ऐसा करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि घुसपैठ के कारण न सिर्फ जनसंख्या संतुलन बिगड़ा है, बल्कि कई क्षेत्रों में स्थानीय भाषाएं भी बदलने लगी हैं। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर चल रहे विवाद के बीच प्रधानमंत्री ने शरणार्थियों, खासकर राजनीतिक रूप से अहम मतुआ समुदाय को आश्वस्त किया। उन्होंने कहा कि जो लोग धार्मिक उत्पीड़न के कारण भारत आए हैं, उन्हें डरने की जरूरत नहीं है। भाजपा सरकार बनने पर उनके अधिकारों की पूरी रक्षा की जाएगी। यह आश्वासन ऐसे समय आया है, जब विपक्ष भ्रम फैलाने का आरोप लगा रहा है। प्रधानमंत्री ने तृणमूल सरकार को गरीब विरोधी बताते हुए कहा कि बंगाल देश का इकलौता राज्य है जहां आयुष्मान भारत योजना लागू नहीं की गई। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य सरकार जानबूझकर केंद्र की जनकल्याणकारी योजनाओं को रोक रही है और केंद्र से भेजे गए धन का दुरुपयोग टीएमसी नेता कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस सरकार को बंगाल से हटाना बेहद जरूरी है। मोदी ने कहा कि लंबे समय तक पूर्वी भारत में विभाजन की राजनीति करने वालों का वर्चस्व रहा, लेकिन भाजपा ने बिहार, ओडिशा, त्रिपुरा और असम में सुशासन का उदाहरण पेश किया है। इन राज्यों में विकास की दिशा और गति बदली है। बिहार में भाजपा की चुनावी सफलता का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि अब अगला नंबर बंगाल का है। चारों ओर भाजपा शासित राज्यों से घिरा बंगाल अब बदलाव के लिए तैयार है।

## पीएम मोदी ने मालदह से देश की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन को दिखाई हरी झंडी

### पीएम ने वर्चुअली चार अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को भी दिखाई हरी झंडी



**मालदह :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को मालदह से देश की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह ट्रेन हावड़ा और गुवाहाटी (कामाख्या) के बीच चलेगी और पूरी तरह वातानुकूलित है। इससे यात्रा का समय लगभग ढाई घंटे कम हो जाएगा। वर्तमान में इसी मार्ग पर ट्रेन से सफर में करीब 18 घंटे लगते हैं। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर 3,250 करोड़ रुपये से अधिक की रेल और सड़क परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी किया। उन्होंने कहा कि देश में अब 150 से अधिक वंदे भारत ट्रेनें चल रही हैं। भारत अमेरिका और यूरोप से अधिक इंजन और कोच का निर्माण कर रहा है और कई देशों को इसका निर्यात कर अर्थव्यवस्था मजबूत कर रहा है। पीएम मोदी ने वर्चुअली चार अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई और चार नई रेलवे परियोजनाओं की आधारशिला रखी, जिससे पूर्वोत्तर और पूर्वी भारत में रेल कनेक्टिविटी और बेहतर होगी।

## पीएम मोदी आज सिंगुर की धरती से भरेंगे हुंकार, 830 करोड़ की विकास परियोजनाओं का भी करेंगे शुभारंभ

**कोलकाता, समाज्ञा :** विधानसभा चुनाव से पहले बंगाल दौरे के दूसरे दिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को हुगली जिले के सिंगुर में विभिन्न विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखने व उद्घाटन के साथ एक जनसभा को संबोधित करेंगे। आधिकारिक बयान के मुताबिक, पीएम दोपहर में सिंगुर पहुचेंगे, जहां जनसभा से पहले वह दोपहर लगभग तीन बजे से वहां प्रशासनिक कार्यक्रम में लगभग 830 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास करेंगे। इसमें बुनियादी ढांचे, रेलवे और बंदरगाह से जुड़ी परियोजनाएं शामिल हैं। इस दौरान पीएम वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से तीन नई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को भी हरी झंडी दिखाएंगे। जिनमें हावड़ा- आनंद बिहार टर्मिनल अमृत भारत एक्सप्रेस, सियालदह- बनारस अमृत भारत एक्सप्रेस और संतरागाछी-तांबरम अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन शामिल हैं। बयान में कहा गया कि इन नई ट्रेनों की शुरुआत से लंबी दूरी के किफायती और विश्वसनीय रेल संपर्क में सुधार होगा। प्रशासनिक कार्यक्रम के ठीक बाद पीएम भाजपा की परिवर्तन संकल्प जनसभा को संबोधित करेंगे।

## ग्रीनलैंड पर अमेरिकी नियंत्रण का विरोध करने पर आठ यूरोपीय देशों पर 10 प्रतिशत शुल्क लगाएंगे : ट्रंप



**नुक :** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को कहा कि वह ग्रीनलैंड पर अमेरिकी नियंत्रण का विरोध करने के कारण फरवरी से आठ यूरोपीय देशों से आने वाले सामान पर 10 प्रतिशत आयात शुल्क लगाएंगे। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि यदि अमेरिका द्वारा 'ग्रीनलैंड की पूर्ण और कुल खरीद' के लिए कोई समझौता नहीं होता है तो डेनमार्क, नॉर्वे, स्वीडन, फ्रांस, जर्मनी, ब्रिटेन, नीदरलैंड और फिनलैंड को इस शुल्क का सामना करना पड़ेगा, जिसे एक जून को बढ़ाकर 25 प्रतिशत कर दिया जाएगा।

### इंडिगो पर डीजीसीए ने लगाया 22.2 करोड़ का जुर्माना

**नई दिल्ली :** विमानन नियामक डीजीसीए ने इंडिगो के खिलाफ कड़ा एक्शन लिया है। पिछले महीने उड़ानों में भारी व्यवधान के लिए एयरलाइन पर 22.2 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया है। रेगुलेटर का यह फैसला एयरलाइन के 3 से 5 दिसंबर के बीच बड़े पैमाने पर उड़ानों में हुई देरी और रद्द होने की घटनाओं के बाद आया है। इस वजह से 2,507 उड़ानें रद्द हुई थीं। साथ ही 1,852 उड़ानें देरी से चली थीं। इससे तीन लाख से ज्यादा यात्री हवाई अड्डों पर फंसे रह गए थे। डीजीसीए ने इस मामले की जांच के लिए चार सदस्यों की एक समिति बनाई थी। समिति ने परिचालन में आई इन गड़बड़ियों के कारणों का विस्तृत मूल्यांकन किया। यह जुर्माना इसी जांच रिपोर्ट के आधार पर लगाया गया है। रेगुलेटर ने एक बयान में कहा कि यह जुर्माना एमएस इंडिगो की ओर से 3 से 5 दिसंबर 2025 के बीच रिपोर्ट की गई बड़ी संख्या में उड़ानों में देरी और रद्द होने के कारण लगाया गया है।

### कई भारतीय नागरिक वाणिज्यिक उड़ानों के जरिये ईरान से लौटे

**नयी दिल्ली :** ईरान में महंगाई और मुद्रा अवमूल्यन को लेकर जारी व्यापक विरोध-प्रदर्शनों के बीच कई भारतीय नागरिक वाणिज्यिक उड़ानों के जरिये स्वदेश लौट आए हैं। अधिकारियों के मुताबिक, भारतीय नागरिकों को लेकर आने वाली कई वाणिज्यिक उड़ानें शुक्रवार रात दिल्ली हवाईअड्डे पर उतरीं। हालांकि, फिलहाल यह ज्ञात नहीं है कि इन उड़ानों से कितने भारतीय स्वदेश लौटे हैं। अली नकवी उन 12-13 यात्रियों के समूह में शामिल थे, जो एक वाणिज्यिक उड़ान से इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर पहुंचे। यह पूछे जाने पर कि क्या उन्हें ईरान में कोई समस्या झेलनी पड़ी, नकवी ने कहा, हमें किसी समस्या का सामना नहीं करना पड़ा। नकवी ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, हम ते-हरान से लौट आए हैं। पहले हम इराक में थे, फिर ईरान गए। वहां आठ दिन रुकने के बाद हम भारत लौट आए हैं।

# 'संविधान, न्यायपालिका और लोकतंत्र की रक्षा करें', ममता ने सीजेआई से की अपील

### ममता बोलीं... 'एजेंसियां गलत तरीके से बना रहीं हैं निशाना'



**जलपाईगुड़ी :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत से देश के संविधान, लोकतंत्र और न्यायपालिका की रक्षा करने का शनिवार को आग्रह किया। इस दिन, कलकत्ता उच्च न्यायालय की जलपाईगुड़ी सर्किट बेंच के भवन के उद्घाटन कार्यक्रम में ममता बनर्जी ने न्यायमूर्ति सूर्यकांत से देश के लोगों को 'एजेंसियों' द्वारा गलत तरीके से निशाना बनाये जाने से बचाने का भी आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कृपया देश के संविधान, लोकतंत्र, न्यायपालिका, इतिहास और भूगोल को विनाश से बचाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप (प्रधान न्यायाधीश) हमारे संविधान के संरक्षक हैं। हम आपके कानूनी संरक्षण में हैं। न्यायपालिका में आपसे श्रेष्ठ कोई नहीं है। देश की जनता की ओर से हम निवेदन करते हैं कि जाति या धर्म के आधार पर कोई भेदभाव न हो। आइए हम एकता के लिए काम करें, बोलें और सोचें। तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ने प्रधान न्यायाधीश से आग्रह किया कि मामलों के निपटारे से पहले उनके 'मीडिया ट्रायल' को पूरी तरह से बंद किया जाये। उन्होंने कहा कि मामलों के निपटारे से पहले ही 'मीडिया ट्रायल' का चलन बढ़ता जा रहा है। इसे रोकना होगा। मुख्यमंत्री ने न्यायमूर्ति सूर्यकांत से वकीलों की नयी पीढ़ी का ध्यान रखने का भी आग्रह किया और आरोप लगाया कि कनिष्ठ वकील संघर्ष कर रहे हैं और उन्हें उनके उचित लाभ नहीं मिल रहे हैं। ममता ने कहा कि हालांकि, केंद्र सरकार ने राज्य में त्वरित अदालतों के लिए 'धनराशि देना बंद कर दिया' है, फिर भी उनकी सरकार ने ऐसी 88 अदालतें स्थापित की हैं। उन्होंने कहा कि हम अदालतों पर पहले ही 1,200 करोड़ रुपये से अधिक खर्च कर चुके हैं। कृपया बुरा न मानें (उपस्थित लोगों में केंद्रीय कानून और न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल का उल्लेख करते हुए); हालांकि केंद्र ने धनराशि रोक दी है लेकिन हम त्वरित अदालतों की स्थापना को जारी रख रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इनमें से 52 अदालत महिलाओं के लिए हैं, सात पॉक्सो अदालत हैं, चार श्रम अदालत हैं और 19 मानवाधिकार अदालत हैं। उन्होंने कहा कि जलपाईगुड़ी सर्किट बेंच की नयी इमारत 'कलकत्ता उच्च न्यायालय (भवन) से बेहतर' है। उन्होंने बताया कि यहां भवन निर्माण के लिए लगभग 40.08 एकड़ की प्रमुख भूमि आवंटित की गई थी और राज्य सरकार ने इस पर 500 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किये। न्यायमूर्ति सूर्यकांत, कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश सुजॉय पॉल, उच्चतम न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश, पश्चिम बंगाल के एडवोकेट जनरल किशोर दत्ता और मेघवाल समेत कई गणमान्य व्यक्ति कार्यक्रम में उपस्थित थे।

## बांग्लादेश में कार चालक ने हिंदु युवक को कुचला, मौत

**नयी दिल्ली/ढाका :** बांग्लादेश में एक कार चालक ने पेट्रोल पंप पर काम करने वाले एक हिंदू युवक को पेट्रोल की कीमत चुकाए बिना वहां से जाने की कोशिश करने से रोकने पर अपने वाहन से कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। अबतक पुष्टि नहीं हो पाई है कि राजबाड़ी जिले में शुक्रवार को हुई घटना का बांग्लादेश में हिंदुओं को निशाना बनाकर की गई हालिया हिंसा से कोई संबंध है या नहीं। 'द डेली स्टार' अखबार ने पुलिस अधिकारियों के हवाले से प्रकाशित खबर में कहा कि मृतक की पहचान रिपन साहा (30) के रूप में हुई है, जो गोलंदा मोड़ स्थित करीम पेट्रोल पंप पर काम करता था। समाचार पोर्टल 'बीडीन्यूज24 डॉट कॉम' पर राजबाड़ी सदर पुलिस प्रमुख खोनदाकर जियाउर रहमान के हवाले से प्रसारित खबर में कहा गया है, हम हत्या का मामला दर्ज करेंगे। पेट्रोल की कीमत चुकाने से इनकार करने पर कर्मी गाड़ी के सामने खड़ा हो गया और वे उसे कुचलकर भाग गए। पुलिस और प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, शुक्रवार तड़के लगभग साढ़े चार बजे एक काली एसयूवी में सवार लोग पेट्रोल पंप पहुंचे और 5,000 टका (लगभग 3,710 रुपये) का पेट्रोल भरवाया। उन्होंने बताया कि जब एसयूवी चालक ने पेट्रोल की कीमत चुकाए बिना वहां से जाने की कोशिश की, तो रिपन उसके आगे खड़ा हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, एसयूवी चालक रिपन को कुचलते हुए वहां से भाग गया।







## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 18 जनवरी, रविवार, 2026, विक्रम सम्वत् 2082, माघ कृष्णपक्ष अमावस्या, 25:19 तक, नक्षत्र : पूर्वाषाढ़ा, 10:05 तक, योग : हरषाना, 21:03 तक, सूर्योदय: 06:19, सूर्यास्त: 17:14, चन्द्रोदय : 05:57, चन्द्रास्त: 16:47, शक सम्वत: 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : मकर, चन्द्र राशि : धनु, राहू काल : 15:50 से 17:11

## साप्ताहिक : राशिफल
## 18-01-26 से 24-01-26



**मेष : चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ :** सप्ताह का आरंभ अत्यधिक भागदौड़ और अपव्यय के साथ होगा। विदेश यात्रा से संबंधित लिया गया निर्णय सार्थक रहेगा। सप्ताह के मध्य में मान-सम्मान की वृद्धि होगी। नौकरी में भी पदोन्नति तथा नए अनुबंध की प्राप्ति के योग बनेंगे। अपनी ऊर्जा शक्ति का पूर्ण उपयोग करते हुए कार्य में लगे रहेंगे तो सफलता की संभावना सर्वाधिक रहेगी। सप्ताहांत किसी महंगी वस्तु का क्रय करेंगे। आकस्मिक धन प्राप्ति का योग भी बनेगा या गया धन भी वापस मिलने की उम्मीद। 18 तारीख को रहें जरा बचके।



**वृष : ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो :** सप्ताह हर प्रकार से बेहतरीन सफलता दिलाने वाला रहेगा। आयके साधन बढ़ेंगे। कार्य व्यापार में उन्नति होगी। नए अनुबंध पर भी हस्ताक्षर करना चाह रहे हों तो अवसर अनुकूल रहेगा। समाज के वरिष्ठ लोगों तथा उच्चाधिकारियों से मधुर संबंध बनेंगे। परिवार के वरिष्ठ सदस्यों अथवा बड़े भाइयों से भी संबंध बिगड़ने ना दें। सप्ताह के मध्य अत्यधिक यात्रा से आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ सकता है। सप्ताहांत ग्रह गोचर की अनुकूलता सफलता में और वृद्धि करेगी। 22 तारीख को रहें जरा बचके।



**मिथुन : का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, ह :** संपूर्ण सप्ताह आपके लिए अत्यधिक लाभ दिलाने वाला सिद्ध होगा कोई भी दिन अशुभ नहीं है। दैनिक व्यापारियों के लिए ग्रह गोचर ज्यादा अनुकूल रहेगा। अपने खर्च पर नियंत्रण रखेंगे तो अच्छा धन इकट्ठा कर लेंगे। विद्यार्थियों अथवा प्रतियोगिता में बैठने वाले छात्रों के लिए समय किसी वरदानसे कम नहीं है इसलिए परीक्षा में अच्छे अंक लाने के लिए और प्रयास करें। सप्ताह के मध्य सामाजिक पद प्रतिष्ठा बढ़ेगी। आपके द्वारा लिए गए निर्णय तथा किए गए कार्यों की सराहना भी होगी।



**कर्क : ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो :** संपूर्ण सप्ताह आपके लिए अच्छी सफलता दिलाने वाला सिद्ध होगा। कोई भी दिन अशुभ नहीं है। धर्म-कर्म के मामलों में रुचि बढ़ेगी। संतान के दायित्व की पूर्ति होगी। नव दंपति के लिए संतान प्राप्ति एवं प्रादुर्भाव के भी योग। यात्रा देशाटन का लाभ मिलेगा विदेशी कंपनियों में सर्विस के लिए आवेदन करना चाह रहे हों अथवा विदेशी नागरिकता के लिए प्रयास कर रहे हों तो उस दृष्टि से भी ग्रह गोचर अनुकूल रहेगा। सामाजिक पद प्रतिष्ठा बढ़ेगी। नौकरी में उन्नति तथा उच्चाधिकारियों से सहयोग के योग।



**सिंह : मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे :** सप्ताह का आरंभ कुछ पारिवारिक कलह एवं मानसिक अशांति के साथ होगा। स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा। कार्यक्षेत्र में षड्यंत्र का शिकार होने से बचेन। कोर्ट कचहरी के मामले भी बाहर ही सुलझा लें तो बेहतर रहेगा। सप्ताह के मध्य ग्रह गोचर में आया सुधार सभी विषम परिस्थितियों से छुटकारा दिलाएगा। कार्य व्यापार में उन्नति होगी। जो लोग नीचा दिखाने की कोशिश में लगे थे वही आपकी मदद करने के लिए आगे आएंगे माता-पिता के स्वास्थ्य के प्रति चिंतनशील रहें। 19 तारीख को रहें जरा बचके।



**कन्या : ढो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो :** सप्ताह का आरंभ बेहतरीन सफलताओं के साथ होगा। शादी विवाह से संबंधित वार्ता भी सफल रहेगी। ससुराल पक्ष से सहयोग मिलेगा। केंद्र अथवा राज्य सरकार के विभागों में प्रतीक्षित पड़े कार्यों का निपटारा होगा। दैनिक व्यापारियों के लिए यह समय और अनुकूल रहेगा इसलिए अच्छे लाभ के लिए प्रयास करते रहें। सप्ताह के मध्य स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा। झगड़े विवाद से भी दूर रहे तो बेहतर रहेगा। सप्ताहांत ग्रह गोचर की अनुकूलता तनाव मुक्त कर देगी। 22 तारीख को रहें जरा बचके।



**तुला : रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते :** सप्ताह कई तरह के अप्रत्याशित उतार-चढ़ाव लाएगा। हर दिन सावधानी बरतने का है। कोई भी बड़े से बड़ा निर्णय सोच-समझकर लें। आरंभ में गुप्त शत्रु भी बनेंगे और आपके अपने ही लोग नीचा दिखाने की कोशिश में लगे रहेंगे। इस अवधि के मध्य किसी को भी अधिक धन उधार के रूप में ना दें अन्यथा दिया गया धन समय पर वापस मिलने में संदेह रहेगा। सप्ताह के मध्य शादी विवाह संबंधित वार्ता रहेगी। शासन सत्ता का पूर्ण सहयोग मिलेगा। स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा। 19 तारीख को रहें जरा बचके।



**वृश्चिक : तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू :** संपूर्ण सप्ताह परीक्षा-प्रतियोगिता में शामिल होने वाले विद्यार्थियों के लिए वरदान की तरह है। विदेशी कंपनियों में सर्विस के लिए आवेदन करना चाह रहे हों तो अवसर अनुकूल रहेगा। संतान के दायित्व की पूर्ति होगी। नव दंपति के लिए संतान प्राप्ति अथवा प्रादुर्भाव के भी योग। प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता आएगी। प्रेम विवाह का निर्णय लेना चाह रहे हों तो वह भी अनुकूल रहेगा। सप्ताह के मध्य गुप्त शत्रु बनेंगे। स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा किंतु सप्ताहांत ग्रह गोचर अनुकूल रहेंगे। 22 तारीख को रहें जरा बचके।



**धनु : ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे :** सप्ताह का आरंभ कुछ पारिवारिक कलह एवं मानसिक तनाव के साथ होगा। संबंधियों से भी कड़वाहट के योग। यात्रा सावधानीपूर्वक करें। सामान चोरी होने से बचाएं। जमीन जायदाद से जुड़े मामलों का निपटारा होगा। मकान अथवा वाहन खरीदने का विचार कर रहे हों तो अवसर अनुकूल। सप्ताह के मध्य संतान संबंधी चिंता से मुक्ति मिलेगी। नव दंपत्ति के लिए संतान प्राप्ति एवं प्रादुर्भाव के भी योग। प्रेम संबंधों में मधुरता आएगी। सरकारी विभागों में सर्विस के लिए आवेदन अच्छे योग। 19 तारीख को रहें जरा बचके।



**मकर : भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, गा, गी :** अपने सौम्य स्वभाव के बलपर कठिन हालात पर भी आसानी से नियंत्रण पा लेंगे। सामाजिक पद प्रतिष्ठा बढ़ेगी। लिएगए निर्णय तथा किए गए कार्यों की सराहना भी होगी। परिवार के वरिष्ठ सदस्यों तथा भाइयों से भी सहयोग की उम्मीद। सप्ताह के मध्य कुछ पारिवारिक कलह के कारण मानसिक तनाव का सामना करना पड़ सकता है। अलगाव की स्थिति उत्पन्न न होने दें। सप्ताहांत ग्रहों की अनुकूलता सभी कठिनाइयों से मुक्ति प्रदान करेगी। विद्यार्थियों के लिए समय और बेहतर रहेगा। 21 तारीख को रहें जरा बचके।



**कुम्भ : गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा :** सप्ताह के आरंभ से ही आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। अपनी जिद एवं आवेश पर नियंत्रण रखते हुए कार्य करेंगे तो सफलता की संभावना सर्वाधिक रहेगी। कोई भी योजना जब तक पूर्ण न हो जाए उसे सार्वजनिक न करें। स्वास्थ्य के प्रति चिंतनशील रहें यदि आप महिला हैं तो किसी महंगी वस्तु का क्रय करेंगी। जमीन जायदाद से जुड़े मामलों का निपटारा होगा। सप्ताहांत व्यर्थ विवाद का सामना करना पड़ सकता है कोर्ट कचहरी के मामले भी बाहर ही सुलझा लें तो बेहतर रहेगा। 18 तारीख को रहें जरा बचके।



**मीन : दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची :** संपूर्ण सप्ताह आपके लिए अच्छी सफलता दिलाने वाला सिद्ध होगा। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। केंद्र अथवा राज्य सरकार के विभागों में प्रतीक्षित पड़े कार्यो का निपटारा होगा। विवाह से संबंधित वार्ता सफल रहेगी। धर्म-कर्म के मामले में रुचि बढ़ेगी विद्यार्थियों अथवा प्रतियोगिता में बैठने वाले छात्रों के लिए समय अनुकूल रहेगा। सप्ताह के मध्य कुछ पारिवारिक कलह तथा मानसिक अशांति का सामना करना पड़ सकता है। स्वास्थ्य का भी ध्यान दें। सप्ताहांत पुनः ग्रह गोचर अनुकूल होंगे। सभी दिन शुभ।

# पूर्वी चंपारण में 33 फीट ऊंचे शिवलिंग की स्थापना, मुख्यमंत्री नीतीश ने किया मंदिर स्थल का दौरा

**मोतिहारी (बिहार) :** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को पूर्वी चंपारण जिले में निर्माणाधीन विराट रामायण मंदिर के स्थल का दौरा किया। इस दौरान मंदिर परिसर में 33 फीट ऊंचे एक विशाल शिवलिंग की स्थापना की गई। जिले में मुख्यमंत्री की 'समृद्धि यात्रा' के दौरान नीतीश कुमार के साथ उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा और अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। कुमार ने मंदिर स्थल का निरीक्षण किया और जारी निर्माण कार्यों की जानकारी ली। मंदिर में विशाल शिवलिंग की स्थापना के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रार्थना करने के लिए पहुंचे थे। तमिलनाडु के महाबलीपुरम में निर्मित इस 33 फीट ऊंचे शिवलिंग का वजन 210 मीट्रिक टन है। इसे विशेष रूप से तैयार किए गए 96 पहियों वाले 'ट्रेलर' पर कल्याणपुर लाया गया। इसे मोतिहारी पहुंचने में 45 दिन लगे। बिहार राज्य धार्मिक न्यास परिषद (बीएसआरटीसी) के सदस्य सायन कुणाल और उनकी पत्नी एवं



समस्तीपुर की सांसद संभवी चौधरी ने शिवलिंग की स्थापना के दौरान एक यज्ञ में हिस्सा लिया। कुणाल ने बताया, यह शिवलिंग एक ही चट्टान से बना है, इसीलिए इसे विश्व का सबसे बड़ा शिवलिंग माना

जाता है। उन्होंने कहा, इस शिवलिंग में 1008 छोटे शिवलिंग समाहित हैं। इसकी पूजा करने से भक्तों को 1008 शिवलिंगों की पूजा करने के बराबर आध्यात्मिक पुण्य प्राप्त होता है। कुणाल ने यह भी बताया कि विराट रामायण मंदिर का निर्माण 2030 तक पूरा हो जाएगा। पटना स्थित महावीर मंदिर ट्रस्ट की टीम पूरी परियोजना की निगरानी कर रही है। मंदिर की आधारशिला 20 जून, 2023 को बीएसआरटीसी के पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय आचार्य किशोर कुणाल ने रखी थी। किशोर कुणाल के पुत्र सायन कुणाल ने बताया कि मुख्य मंदिर की ऊंचाई 270 फीट होगी जबकि मंदिर परिसर में 18 मीनारें और विभिन्न देवी-देवताओं के लिए 22 मंदिर होंगे। इससे पहले दिन में मुख्यमंत्री ने पश्चिम चंपारण जिले में कई विकास परियोजनाओं का शुभारंभ किया और समृद्धि यात्रा के दौरान महिला आईटीआई और उत्कृष्टता केंद्र का निरीक्षण किया।

## 'सबका साथ-सबका विकास' की भावना से गांवों को सशक्त कर रही है सरकार: मुख्यमंत्री शर्मा

**जयपुर :** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को कहा राज्य सरकार 'सबका साथ-सबका विकास' की भावना से गांवों को सशक्त कर रही है। मुख्यमंत्री ने यहां ग्राम पंचायतों के प्रशासकों (निवर्तमान सरपंचों) के साथ संवाद किया। शर्मा ने कहा कि सरपंच गांव की आवाज और ग्राम पंचायत शासन की पहली सीढ़ी है। पंचायतों के सशक्त होने से ही प्रदेश मजबूत होगा क्योंकि विकास का पथ गांवों से होकर ही गुजरता है। उन्होंने कहा कि इसी उद्देश्य के साथ राज्य सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मूल मंत्र - 'सबका साथ, सबका विकास' को साकार करते हुए गांवों का सशक्तिकरण कर रही है। आधिकारिक बयान के अनुसार उन्होंने कहा कि सरपंच कोई पद नहीं, बल्कि सेवा और संकल्प का माध्यम है। सरपंच वह पहला व्यक्ति



होता है, जिसके पास गांव का हर नागरिक उम्मीद लेकर आता है। किसान सम्मान निधि, पेंशन, न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी), पेयजल, बिजली, आवास, शौचालय निर्माण, सड़क, स्कूल, आंगनबाड़ी या स्वास्थ्य केंद्र जैसी जरूरतों तथा जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ के लिए गांव सर्वप्रथम सरपंच की ओर ही देखता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार के जनहितैषी निर्णयों और योजनाओं का लाभ किस स्तर तक पहुंच रहा है, यह सरपंच ही बेहतर तरीके से जानता है।

### प्रतापगढ़ में बाल शिशु गृह से बच्चा चोरी, प्राथमिकी दर्ज

**प्रतापगढ़ (उप्र) :** प्रतापगढ़ जिले के थाना नगर कोतवाली पुलिस ने एक बाल शिशु गृह से एक बच्चा चोरी होने के मामले में एक महिला कर्मचारी के खिलाफ नामजद व अन्य अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की। पुलिस ने यह जानकारी दी। नगर क्षेत्र के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) प्रशांत राज हुड्डा ने शनिवार को बताया कि थाना नगर कोतवाली क्षेत्र के दाहिलामऊ उत्तरी शुकुलपुर में बाबा राम उदित सेवा संस्थान के नाम से बाल शिशु गृह का संचालन किया जा रहा है, जिसमें कुल सात बच्चे हैं। उन्होंने बताया कि बृहस्पतिवार-शुक्रवार की दरमियानी रात महिला कर्मचारी रंजना श्रीवास्तव व रीना ड्यूटी पर तैनात थीं तभी भोर में पांच माह के बच्चे आयुष के चोरी होने की सूचना पर प्रबंधक कमलाकांत शुक्ला ने पुलिस को सूचित किया।

### उप्र में 28 किलोग्राम से अधिक नशीला पदार्थ बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार

**मिर्जापुर (उप्र) :** मिर्जापुर की थाना कोतवाली देहात पुलिस ने दो अंतरराज्यीय गांजा तस्करों को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया और उनके पास से करीब 28 किलोग्राम गांजा एवं तस्करी में प्रयुक्त एक कार बरामद की। पुलिस ने यह जानकारी देते हुए बताया कि बरामद गांजे की अनुमानित कीमत 20 लाख रुपये है। अपर पुलिस अधीक्षक नितेश कुमार ने शनिवार को बताया कि कोतवाली देहात को सूचना मिली थी कि गांजा तस्कर एक कार में इस नशीले पदार्थ को ले जा रहे हैं। सूचना के आधार पर कोतवाली देहात पुलिस ने वाहनों की जांच का अभियान शुरू किया।

## राजस्थान: पूर्व मंत्री महेन्द्रजीत सिंह मालवीया कांग्रेस में लौटे

**जयपुर :** राजस्थान के पूर्व मंत्री महेन्द्रजीत सिंह मालवीया कांग्रेस में लौट आए हैं। मालवीया ने करीब दो साल पहले कांग्रेस छोड़कर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का दामन थामा था लेकिन शुक्रवार देर रात कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व ने पार्टी में उनके पुनः प्रवेश को मंजूरी दे दी। कांग्रेस महासचिव के. सी. वेणुगोपाल के आदेश के अनुसार, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मालवीया की वापसी को स्वीकृति दी है। इससे पहले कांग्रेस की राजस्थान इकाई के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने विस्तृत रिपोर्ट अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) को भेजी थी, जिसके बाद प्रस्ताव को मंजूरी मिली और आधिकारिक पत्र जारी किया गया। राज्य के पूर्व मंत्री



उदयलाल आंजना की अध्यक्षता में हुई कांग्रेस अनुशासन समिति की बैठक में मालवीया की घर वापसी की सिफारिश की गई थी चूंकि वह कांग्रेस कार्यसमिति (सीडब्ल्यूसी) के सदस्य रह चुके हैं, इसलिए अंतिम निर्णय एआईसीसी स्तर पर लिया गया। इस बीच, मालवीया के कांग्रेस में लौटने के संकेत देने के दो दिन के भीतर ही भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने छापेमारी की।

### ग्राम प्रधान की हत्या के विरोध में आदिवासी संगठनों के झारखंड बंद का मिला-जुला असर

**रांची :** पिछले दिनों खूंटी जिले में एक ग्राम प्रधान की हत्या के विरोध में विभिन्न आदिवासी संगठनों द्वारा शनिवार को बुलाए गए 'झारखंड बंद' का मिला-जुला असर देखने को मिला। अधिकारी ने बताया कि इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने खूंटी, सिमडेगा, चाईबासा और गुमला जैसे आदिवासी बहुल जिलों में सड़कों को अवरुद्ध करने के लिए टायर जलाए। इन जिलों में दुकानें और बाजार बंद रहे, साथ ही सार्वजनिक वाहन भी सड़कों से दूर रहे। उन्होंने बताया कि 'झारखंड बंद' के कारण राज्य के अधिकांश हिस्सों में स्कूल बंद रहे। राज्य की राजधानी रांची के कुछ हिस्सों में इसका आंशिक असर देखा गया। प्रदर्शनकारियों ने करमटोली चौक, अल्बर्ट एक्का चौक और अन्य स्थानों पर सड़क जाम किया और जबरन दुकानें बंद कराने की कोशिश की। हालांकि, शहर के अधिकांश हिस्सों में बाजार और व्यावसायिक प्रतिष्ठान खुले रहे और लोग अपने काम पर जाते नजर आए। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि राज्य प्रशासन ने सभी जिलों में शांति बनाए रखने के लिए सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए हैं और रांची में अतिरिक्त बल तैनात किए गए हैं। झारखंड बंद को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता एवं आदिवासी नेता लक्ष्मी नारायण मुंडा ने कहा, आज के बंद में 20 से अधिक आदिवासी संगठन भाग ले रहे हैं। हम सोमा मुंडा के लिए न्याय की मांग करते हैं।

## बीएड की योग्यता नहीं रखने वाले की सहायक अध्यापक पद पर नियुक्ति नहीं: इलाहाबाद उच्च न्यायालय

**प्रयागराज :** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने निर्देश दिया है कि बीएड की योग्यता नहीं रखने वाले किसी भी व्यक्ति की सहायक अध्यापक/प्रशिक्षित स्नातक अध्यापक (कला) के पद पर नियुक्ति नहीं की जाएगी। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा सहायक अध्यापक प्रशिक्षित स्नातक अध्यापक (कला) परीक्षा-2014 के लिए इस पद का विज्ञापन निकाला गया था। हालांकि, अदालत ने प्रतिवादियों को चयन प्रक्रिया आगे बढ़ाने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति सरल श्रीवास्तव और न्यायमूर्ति सुधांशु चौहान की पीठ ने विनोद कुमार यादव और चार अन्य द्वारा दायर रिट याचिका पर सुनवाई करते हुए शुक्रवार को यह आदेश पारित किया। अदालत ने प्रदेश के महाधिवक्ता को नोटिस जारी करते हुए राज्य सरकार, उप्र लोक सेवा आयोग और अन्य को इस मामले में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया और इस मामले में अगली सुनवाई की तिथि 13 मार्च, 2026 तय की। उल्लेखनीय है कि उप्र लोक सेवा आयोग ने उक्त पदों के लिए बीएड की डिग्री को तरजीही योग्यता बनाई थी। याचिकाकर्ताओं ने उक्त विज्ञापन को चुनौती दी और कहा कि बीएड की डिग्री को सहायक अध्यापक (कला) के पद के लिए तरजीही योग्यता बनाई गई ना कि न्यूनतम योग्यता। उन्होंने वस्तुतः आयोग द्वारा जारी विज्ञापन को इस आधार पर चुनौती दी कि उक्त विज्ञापन में कहा गया है कि बीएड केवल तरजीही योग्यता होगी ना कि अनिवार्य योग्यता।

## विधानसभा सत्र के लिए जारी दिशा-निर्देश दुर्भाग्यपूर्ण: अशोक गहलोत

**जयपुर :** राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने विधानसभा के आगामी सत्र को लेकर जारी दिशा-निर्देश को दुर्भाग्यपूर्ण और संसदीय लोकतंत्र की मूल भावना के विपरीत बताया है। गहलोत ने इन्हें तुरंत वापस लेने की मांग की है। राज्य विधानसभा का बजट सत्र 28 जनवरी से शुरू होना है। गहलोत ने इस बारे में प्रकाशित समाचार का हवाला देते हुए 'एक्स' पर लिखा, ''राजस्थान विधानसभा के आगामी सत्र के लिए जारी किए गए नए दिशा-निर्देश अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और संसदीय लोकतंत्र की मूल भावना के विपरीत हैं। माननीय विधानसभा अध्यक्ष जी, आपने किसकी सलाह से ऐसा फैसला किया जिसको लेकर सभी विधायकों एवं जनता में प्रतिक्रिया तथा आक्रोश होना स्वाभाविक है।'' उन्होंने कहा, ''विधायक केवल एक क्षेत्र विशेष का ही नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश का प्रतिनिधि होता है। उसे राज्य स्तर के नीतिगत विषयों या पांच साल पुराने मामलों पर प्रश्न पूछने से रोकना और मंत्रियों को जवाबदेही से 'छूट' देना, सदन की गरिमा को कम करने जैसा है।'' पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकतंत्र में विपक्ष और विधायकों का काम सरकार की जवाबदेही तय करना है। यदि प्रश्न पूछने की स्वतंत्रता ही नहीं रहेगी, तो विधानसभा का औचित्य क्या रह जाएगा? गहलोत ने लिखा, ''यह अलोकतांत्रिक व्यवस्था कतई स्वीकार्य नहीं है। विधायिका का काम कार्यपालिका पर अंकुश रखना है, न कि कार्यपालिका की सुविधा अनुसार अपने अधिकार कम करना।'' कांग्रेस नेता के अनुसार ऐसा आदेश संभवतः देश में पहली बार निकाला गया होगा जिससे विधायकों के अधिकारों को कम किया जा रहा है। बाक़ी विधानसभाएं अपने सदस्यों के अधिकार बढ़ाने का प्रयास करती हैं लेकिन यहां इसके विपरीत देखने को मिल रहा है।

### उप्र : बांदा में रायफल क्लब मैदान की नीलामी के विरुद्ध विपक्षी दलों ने प्रदर्शन किया

**बांदा (उप्र) :** बांदा शहर के राइफल क्लब मैदान की कथित नीलामी को लेकर शनिवार को मुख्य विपक्षी दलों के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने मैदान में ही धरना देकर विरोध प्रदर्शन किया और राज्य सरकार से स्थाई रूप से रोक लगाने की मांग की। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी के नेतृत्व में शनिवार को समाजवादी पार्टी (सपा), जनता दल यूनाइटेड (जदयू), राष्ट्रीय लोक दल (रालोद), ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्त-ेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) और इंसाफ सेना के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने शनिवार को रायफल क्लब मैदान में ही धरना देकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए सिद्दीकी ने विकास प्राधिकरण पर नीलामी के माध्यम से सत्तारूढ़ पार्टी, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सहयोगियों को लाभ पहुंचाने का प्रयास करने का आरोप लगाया।

## प्रयागराज : मौनी अमावस्या से एक दिन पूर्व 1.5 करोड़ लोगों ने गंगा में डुबकी लगाई

**प्रयागराज :** प्रयागराज में जारी माघ मेले में मौनी अमावस्या से एक दिन पूर्व शनिवार को शाम छह बजे तक करीब 1.5 करोड़ लोगों ने गंगा और संगम में डुबकी लगाई। मेला प्रशासन के एक अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि रविवार को मुख्य स्नान पर्व मौनी अमावस्या स्नान के लिए आज सुबह से ही श्रद्धालुओं का मेला क्षेत्र में आना जारी है। इससे पूर्व, मकर संक्रांति स्नान पर्व पर 1.03 करोड़ स्नानार्थियों ने जबकि एकादशी पर लगभग 85 लाख लोगों ने गंगा और संगम में स्नान किया था। मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल ने बताया कि माघ मेला 800 हेक्टेयर क्षेत्र में सात सेक्टर में बसाया गया है। मेला क्षेत्र में 25,000 से अधिक शौचालय स्थापित किए गए हैं और 3500 से अधिक सफाईकर्मी तैनात हैं। उन्होंने बताया कि छोटी अवधि का कल्पवास करने के इच्छुक पर्यटकों के लिए माघ मेला में टेंट सिटी बसाई गई है जहां ध्यान और योग आदि की सुविधाएं मौजूद हैं। श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन के लिए बाइक टैक्सी और गोल्फ कार्ट की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। पुलिस अधीक्षक (माघ मेला) नीरज पांडेय ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुगम आवागमन के लिए पूरे मेला क्षेत्र में 10,000 से अधिक पुलिसकर्मी तैनात हैं। भीड़ प्रबंधन एवं सुगम यातायात के मद्देनजर इस बार 42 अस्थायी पार्किंग हैं जिनमें लगभग एक लाख से अधिक वाहन पार्क हो सकेंगे।

# कांग्रेस और सहयोगी दलों को विकास पसंद नहीं आ रहा, इसलिए जनता को गुमराह कर रहे: आदित्यनाथ

**वाराणसी (उप्र) :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों को विकास पसंद नहीं आ रहा है, इसलिए वे लगातार भ्रामक और झूठे प्रचार के माध्यम से देश की जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यहां सर्किट हाउस में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र और उत्तर प्रदेश सरकार मिलकर काशी में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ-साथ प्राचीन विरासत को संरक्षित करने का कार्य कर रही



हैं। उन्होंने कहा, ''यह विकास कार्य कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों को पसंद नहीं आ रहा है, इसलिए वे लगातार अपने भ्रामक और झूठे प्रचार के माध्यम से देश की जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं।'' योगी ने कहा कि काशी आज अभूतपूर्व विकास की साक्षी बन रही है। उन्होंने बताया कि वाराणसी में 55 हजार करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाएं धरातल पर उतर चुकी हैं, जो विकास की नई गाथा लिख रही हैं।

### लोकतंत्र के सशक्तीकरण के लिए मजबूत न्यायपालिका जरूरी

**चंदौली (उप्र) :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि लोकतंत्र के सशक्तीकरण के लिए मजबूत न्यायपालिका जरूरी है। भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत ने चंदौली में योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में चंदौली, महोबा, अमेठी, शामली, हाथरस एवं औरैया जिलों के एकीकृत न्यायालय परिसरों का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने प्रधान न्यायाधीश और अन्य न्यायाधीशों का स्वागत करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में न्यायपालिका के एक नये पृष्ठ का सृजन हो रहा है। मुख्यमंत्री ने एक कार्यक्रम में कहा, ''उप्र सरकार के पास न्यायिक व्यवस्था से जुड़ा कोई भी कार्य आता है तो उसे पूरा होने में कोई देर नहीं लगती है। हमें न्यायिक सुविधाओं को और सुदृढ़ करने में कोई कोताही नहीं बरतनी चाहिए। उप्र इस दिशा में बहुत आगे बढ़ चुका है।''

## वर्ग पहेली नं. 3325

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | ■ | 4 | | 5 | ■ | 6 |
| ■ | ■ | 7 | | 8 | | ■ | 9 | | |
| 10 | 11 | | ■ | 12 | | 13 | ■ | ■ | |
| ■ | | ■ | 14 | | ■ | 15 | | 16 | |
| 17 | | | | ■ | 18 | | ■ | | ■ |
| ■ | | ■ | ■ | 19 | | | ■ | 20 | 21 |
| 22 | | 23 | | | ■ | ■ | 24 | | |
| | ■ | | ■ | 25 | | 26 | | ■ | |
| 27 | | | | | ■ | 28 | | | |

*बायें से दायें:-* 1) गायब करना, 4) बिना साथी का, 7) महकना, 9) घटना, 10) एक वन्य हिंसक पशु, 12) महत्त्वपूर्ण, 14) पधारना, 15) दिलजला, 17) संग्रह, 18) सहोदर, 19) खँजर, 20) कमर, 22) सत्कार, 24) शिव का धनुष, 25) दुर्घटना, 27) भड़कीला, 28) असमीप.

*ऊपर से नीचे:-* 2) साफ़ा, 3) ख्याति, 4) एक फल, 5) ज्वालामुखीय शैल द्रव, 6) प्रलय; आफ़त; हंगामा, 8) अर्जित करना, 11) वैरभाव, 13) मज़दूर, 14) आमदनी, 16) रोकना, 18) जुड़ा, 19) कूड़ा-करकट, 21) घड़ी की आवाज़, 22) श्रीगणेश, 23) उड़ती खबर, 24) परलोकवासी पूर्वज, 26) पितापिता.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ब | रा | ब | री | ■ | सू | ति | का | ■ | म |
| ग | ■ | द | म | दा | र | ■ | य | क़ी | न |
| ला | ल | च | ■ | हि | त | क | र | ■ | मा |
| श | ■ | ल | गा | ना | ■ | प | ता | कि | नी |
| ग | ग | न | ■ | ■ | मा | टी | ■ | सा | ■ |
| त | ट | ■ | अ | धी | र | ■ | क | न | क |
| ■ | क | ल | प | ■ | ना | म | र्द | ■ | बू |
| पै | ना | ■ | रो | क | ■ | हि | म | पा | त |
| दा | ■ | अ | क्षा | र | मा | ला | ■ | ■ | र |

## सुडोकू-पहेली-3283

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 8 | | | | | | | |
| 7 | | | 8 | 6 | | | | |
| | 6 | | 3 | | | | | |
| | 7 | | 5 | | 2 | 9 | | |
| | | | | | 9 | 1 | 2 | |
| | 1 | | | | | | | 3 |
| | | | | | | 5 | 3 | |
| | | 9 | | | 6 | 2 | | |
| | | | | 4 | | | 8 | |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।

••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

**सूडोकू पहेली - 3282 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 7 | 4 | 9 | 3 | 8 | 6 | 2 | 5 |
| 3 | 2 | 6 | 5 | 7 | 4 | 8 | 9 | 1 |
| 9 | 5 | 8 | 2 | 6 | 1 | 4 | 3 | 7 |
| 6 | 8 | 2 | 4 | 5 | 7 | 9 | 1 | 3 |
| 7 | 9 | 3 | 6 | 1 | 2 | 5 | 4 | 8 |
| 5 | 4 | 1 | 8 | 9 | 3 | 2 | 7 | 6 |
| 4 | 6 | 7 | 1 | 8 | 9 | 3 | 5 | 2 |
| 2 | 3 | 5 | 7 | 4 | 6 | 1 | 8 | 9 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 7 | 6 | 4 |

सत्यमेव जयते
भारत सरकार

# विकसित बंगाल
# विकसित भारत

"बंगाल का विकास भारत के भविष्य की नींव है, और आज का दिन उसी नींव में एक और मजबूत ईंट जोड़ने का दिन है"

**श्री नरेन्द्र मोदी**, माननीय प्रधानमंत्री





## पश्चिम बंगाल के लिए बंदरगाह, पोत परिवहन, अंतर्देशीय जलमार्ग और रेल क्षेत्रों में ₹830 करोड़ से अधिक की इंफ्रास्ट्रक्चर जैसी परिवर्तनकारी परियोजनाओं का उपहार

### बालागढ़ में विस्तारित पोर्ट गेट प्रणाली
**का शिलान्यास**
**(आईडब्ल्यूटी टर्मिनल एवं रोड ओवरब्रिज सहित)**

- श्यामा प्रसाद मुखर्जी पोर्ट प्राधिकरण, कोलकाता की क्षमता में विस्तार
- कोलकाता में यातायात जाम में कमी
- कंटेनरीकृत कोयला एवं सामान्य कार्गो के बढ़ते वॉल्यूम का सुगम संचालन
- लॉजिस्टिक्स लागत में कमी और रोजगार को बढ़ावा

### कोलकाता में इलेक्ट्रिक कैटामरान
**का लोकार्पण**

- 50 यात्रियों के लिए वातानुकूलित केबिन युक्त ऊर्जा-कुशल जलयान
- यात्रा समय में उल्लेखनीय कमी और सड़क परिवहन पर भार कम
- बेहतर आराम और सुविधा के लिए अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित
- पर्यटन और क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहन

### जयरामबाटी–मयनापुर के बीच नई रेल लाइन
**का उद्घाटन**

- बांकुड़ा ज़िले एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लिए तेज़ और सुविधाजनक रेल संपर्क
- जयरामबाटी और कामारपुकुर जैसे प्रमुख तीर्थ स्थलों तक बेहतर पहुँच
- शिक्षा, स्वास्थ्य और आवश्यक सेवाओं तक बेहतर पहुँच
- क्षेत्रीय व्यापार, पर्यटन और आजीविका के लिए नए अवसर

### का हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ

**कोलकाता (सांतरागाछी) – ताम्बरम अमृत भारत एक्सप्रेस**
**कोलकाता (हावड़ा) – आनंद विहार टर्मिनल अमृत भारत एक्सप्रेस**
**कोलकाता (सियालदह) – बनारस अमृत भारत एक्सप्रेस**
**जयरामबाटी – मयनापुर पैसेंजर ट्रेन**

- लंबी दूरी की यात्रा के लिए विश्वसनीय, दक्ष और सुरक्षित विकल्प
- उत्तर एवं दक्षिण के महत्वपूर्ण केंद्रों से बेहतर संपर्क, जिससे व्यापार, वाणिज्य और यात्री आवागमन को बढ़ावा

## श्री नरेन्द्र मोदी
**माननीय प्रधानमंत्री**

द्वारा

गरिमामयी उपस्थिति

**डॉ. सी. वी. आनंद बोस** – राज्यपाल, पश्चिम बंगाल
**ममता बनर्जी** – मुख्यमंत्री, पश्चिम बंगाल
**सर्बानंद सोनोवाल** – केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्री
**अश्विनी वैष्णव** – केन्द्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
**शांतनु ठाकुर** – केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन एवं जलमार्ग राज्य मंत्री
**डॉ. सुकांत मजूमदार** – केंद्रीय शिक्षा एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र के विकास राज्य मंत्री
**सुवेंदु अधिकारी** – विपक्ष के नेता, पश्चिम बंगाल विधानसभा
**रचना बनर्जी** – सांसद
**सौमित्र खान** – सांसद
**समिक भट्टाचार्य** – सांसद









DD NEWS कार्यक्रम का सीधा प्रसारण डीडी न्यूज़ पर देखें | रविवार, 18 जनवरी 2026 | सांय 03:00 बजे | सिंगुर, हुगली जिला, पश्चिम बंगाल

# बेलडांगा में फिर तनाव, प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रीय राजमार्ग एवं रेल पटरियों को किया अवरुद्ध

❑ **विधायक हुमायूं कबीर मौके पर पहुंचे एवं प्रदर्शिकारियों से की बातचीत**

**मुर्शिदाबाद :** जिले में शनिवार को एक बार फिर तनाव फैल गया। प्रदर्शनकारियों ने बेलडांगा में राष्ट्रीय राजमार्ग-12 और रेलवे पटरियों को अवरुद्ध कर दिया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि बेलडांगा के बरुआ मोड़ के निकट राजमार्ग पर सैकड़ों स्थानीय लोग इकट्ठे हो गए, जिससे राष्ट्रीय राजमार्ग-12 पर यातायात ठप हो गया और फंसे हुए वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। सूत्रों के अनुसार, प्रदर्शनकारियों ने एक रेलवे गेट को भी नुकसान पहुंचाया और



ट्रेन सेवाओं को बाधित करने का प्रयास किया। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि पुलिस ने कुछ स्थानों पर प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिये लाठी-चार्ज किया है। ताजा विवाद की वजह यह आरोप बना कि इसी क्षेत्र के एक अन्य प्रवासी मजदूर, अनीसुर शेख, के साथ बिहार में बेरहमी से मारपीट की गई। इससे शुक्रवार की हिंसा के बाद मुश्किल से शांत हुआ जनाक्रोश फिर से भड़क उठा।

पुलिस ने विरोध स्थल पर भारी संख्या में सुरक्षा बल तैनात किए। स्थानीय विधायक हुमायूं कबीर मौके पर पहुंचे और स्थिति को शांत करने के लिए प्रदर्शनकारियों और अधिकारियों से बातचीत की। प्रशासन के आश्वासनों और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की शांति बनाए रखने की अपील के बावजूद शनिवार को बेलडांगा के महेशपुर के एक प्रवासी मजदूर की बिहार में पिटाई की खबरों के बाद तनाव फिर से व्याप्त हो गया। स्थानीय लोगों के अनुसार, घायल मजदूर की पहचान अनीसुर शेख के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि वह शुक्रवार की देर रात गंभीर हालत में मुर्शिदाबाद लौटने में कामयाब रहा और उसे मुर्शिदाबाद मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में भर्ती कराया गया।

प्रदर्शनकारियों ने जिले के प्रवासी श्रमिकों की तत्काल गिरफ्तारी और उनकी सुरक्षा के लिए ठोस आश्वासन की मांग की।

## न्यूज ब्रीफ

### आरजी कर मामले में शियालदह अदालत में सीबीआई ने दाखिल की स्टेटस रिपोर्ट

**कोलकाता :** नवंबर महीने के बाद आरजी कर मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर से दुष्कर्म व हत्या मामले में एक बार फिर केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने शियालदह अदालत में अपनी स्टेटस रिपोर्ट दाखिल की। सीबीआई सूत्रों के अनुसार, आरजी कर मेडिकल कॉलेज के संबंधित आउट पोस्ट में तैनात पुलिसकर्मियों, टाला थाना के कई पुलिसकर्मियों तथा घटना के दिन जनरल डायरी (जीडी) दर्ज करने वाले पुलिसकर्मी के फोन कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) की जांच की गई है। इसके अलावा आरजी कर मेडिकल कॉलेज से जुड़े कुछ मेडिकल और नॉन-मेडिकल अधिकारियों व कर्मचारियों के कॉल डिटेल्स भी खंगाले गए हैं। सूत्रों का यह भी दावा है कि जांच के दौरान कोलकाता पुलिस की ओर से जांच से जुड़े रहे अधिकारियों के फोन कॉल डिटेल्स की भी समीक्षा की गई है। हालांकि, अदालत में सुनवाई के दौरान पीड़िता के वकील ने मामले में बड़ी साजिश (लार्जर कंस्पिरेसी) की जांच और उसकी प्रगति को लेकर सवाल उठाए। उन्होंने दलील दी कि मुख्य आरोपी संजय राय को सजा सुनाए जाने के एक वर्ष बीत जाने के बावजूद, व्यापक साजिश की जांच में कोई ठोस प्रगति नजर नहीं आ रही है। सीबीआई ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि नवंबर के बाद अब तक 12 और लोगों के बयान दर्ज किए गए हैं। वहीं, पीड़िता के वकील का स्पष्ट आरोप है कि 14 नवंबर को अदालत द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुरूप जांच आगे नहीं बढ़ी। इस मुद्दे पर सुनवाई के दौरान उन्होंने बार-बार कड़ा रुख अपनाया। इस बीच, जानकारी मिली है कि सीबीआई ने आज की सुनवाई में अदालत के समक्ष केस डायरी भी पेश की।

### ममता कालिया अरमबम ओंगबी मेमचौबी को 'आकाशदीप'

**कोलकाता :** साहित्य जीवन के समग्र अवदान के लिए 2025 का अमर उजाला का सर्वोच्च शब्द सम्मान 'आकाशदीप'-हिंदी में प्रख्यात कथाकार ममता कालियाऔर हिंदीतर भाषाओं में मणिपुरी की विख्यात रचनाकार अरमबम ओंगबी मेमचौबी को दिया जाएगा। आकाशदीप के अंतर्गत हिंदी के साथ अब तक कन्नड़, मराठी, बांग्ला, उड़िया, मलयालम तथा गुजराती को लिया जा चुका है, इस वर्ष मणिपुरी को चुना गया है। हिंदीतर भारतीय भाषाओं में गिरीश कर्नाड, भालचंद्र नेमाड़े, शंख घोष, प्रतिभा राय, एमटी वासुदेवन नायर और सितांशु यशचंद्र के साथ हिंदी में नामवर सिंह, ज्ञानरंजन, विश्वनाथ त्रिपाठी, शेखर जोशी, विनोद कुमार शुक्ल और गोविंद मिश्र आकाशदीप से अलंकृत हो चुके हैं।

### अमेजन ग्रेट रिपब्लिक डे सेल 2026: बी2बी ग्राहकों के लिए विशेष ऑफर्स और बल्क खरीद पर विशेष लाभ

**कोलकाता, समाज्ञा :** अमेजन ग्रेट रिपब्लिक डे सेल 2026 के तहत अमेजन बिजनेस ने बी2बी और कॉरपोरेट ग्राहकों के लिए आकर्षक ऑफर्स की घोषणा की है। इस विशेष सेल में व्यवसायों को आईटी उपकरण, पैकेजिंग सप्लाई, ऑफिस फर्नीचर, इंडस्ट्रियल इक्विपमेंट और इलेक्ट्रॉनिक्स पर बड़ी बचत का अवसर मिल रहा है। पैकेजिंग सप्लाई पर 80 प्रतिशत तक, मॉनिटर और सिक्योरिटी कैमरों पर 60 प्रतिशत तक, टैबलेट्स पर 50 प्रतिशत तक और आईटी उपकरणों पर 40 प्रतिशत तक की छूट दी जा रही है। इसके अलावा, बल्क खरीद पर ग्राहकों को अतिरिक्त 6 प्रतिशत तक की बचत और प्रीपेड ऑर्डर पर 9,999 रुपये तक का कैशबैक भी दिया जा रहा है। इस सेल में एचपी, सैमसंग, हैवेल्स, बॉश, फिलिप्स, एलजी और शाओमी जैसे प्रमुख ब्रांड्स के बेस्टसेलिंग प्रोडक्ट्स शामिल हैं।

## एसपीके जैन फ्यूचरिस्टिक अकादमी के दूसरे वार्षिक खेल दिवस पर उभरते युवा खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन



**कोलकाता, समाज्ञा :** एसपीके जैन फ्यूचरिस्टिक अकादमी ने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की अपनी प्रतिबद्धता को साकार करते हुए हाल ही में अपना दूसरा वार्षिक खेल दिवस भव्य रूप से आयोजित किया। यह आयोजन छात्रों की ऊर्जा, अनुशासन, आत्मविश्वास और खेल प्रतिभा का जीवंत प्रदर्शन रहा, जिसमें खेल भावना और टीमवर्क की झलक साफ दिखाई दी। कार्यक्रम ने यह संदेश दिया कि शैक्षणिक उपलब्धियों के साथ-साथ शारीरिक स्वास्थ्य और सक्रिय जीवनशैली भी समान रूप से महत्वपूर्ण हैं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मनोज तिवारी, वेस्ट बंगाल असेंबली में मिनिस्टर ऑफ स्टेट फॉर अफेयर्स ऑफ स्पोर्ट्स एंड यूथ एवं पूर्व भारतीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर उपस्थित रहे। उन्होंने अपने क्रिकेट करियर के अनुभव साझा करते हुए छात्रों को अनुशासन, निरंतर प्रयास और धैर्य के महत्व से अवगत कराया। कार्यक्रम की गरिमा को संजय सिंह (प्रेसिडेंट, हावड़ा प्रेस क्लब), टरुणिका घोष (पैरा-ओलंपिक एथलीट), आलिया कंकारिया (एशिया की नंबर-1 स्क्वैश एथलीट) और अनुप्रिया चौधरी (जूनियर एथलीट) की उपस्थिति ने और बढ़ाया। खेल दिवस के दौरान विभिन्न आयु वर्गों के लिए ट्रैक एंड फील्ड स्पर्धाएं, टीम गेम्स और अन्य प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर श्वेतांबर स्थानकवासी जैन सभा के प्रतिष्ठित सदस्यों – सरदारमल कंकारिया, शशि कंकारिया, बिनोद कंकारिया, प्रदीप पटवा, कुसुम पटवा, सोनल चोरारिया एवं त्रिशला बंसाली की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ. जयिता गांगुली ने कहा कि खेल बच्चों में आत्मविश्वास, अनुशासन और टीम भावना विकसित करते हैं। वहीं, अकादमी के सचिव जयदीप पटवा ने कहा कि खेल शिक्षा और व्यक्तित्व विकास का सशक्त माध्यम हैं, जो छात्रों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करते हैं।

## बेलडांगा में एक महिला पत्रकार पर हमले के मामले में मुख्य आरोपित समेत चार गिरफ्तार

❑ **पुलिस अधीक्षक ने मीडिया कर्मियों को दी सलाह, कहा.. 'ध्यान से काम करें'**

**मुर्शिदाबाद :** जिले के बेलडांगा में विरोध प्रदर्शन के दौरान एक महिला पत्रकार पर हुए हमले के सिलसिले में पुलिस ने शनिवार को मुख्य आरोपी समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया। मुर्शिदाबाद के पुलिस अधीक्षक (एसपी) कुमार सनी राज ने मुख्य आरोपी की पहचान मतिउर रहमान के रूप में की और आरोप लगाया कि वह पिछले दो दिनों से भीड़ को उकसा रहा था। बता दें कि अन्य राज्यों में प्रवासी श्रमिकों की हत्या और उनके खिलाफ कथित अत्याचारों के विरोध में गत शुक्रवार को हो रहे प्रदर्शनों को 'कवर' करते समय महिला पत्रकार पर हमला किया गया। उसके हाथों और पैरों में चोटें आई हैं और उसका अस्पताल में इलाज चल रहा है। इस दिन, एसपी ने कहा कि हमने शुक्रवार को दो पत्रकारों को खतरे से बचाया। हमारे अधिकारियों के प्रयासों के बावजूद, दुर्भाग्य से, इस पत्रकार पर हमला किया गया। उन्होंने कहा कि हमने इस घटना के संबंध में चार लोगों को गिरफ्तार किया है। मुख्य आरोपी मतिउर रहमान पिछले दो दिनों से भीड़ को उकसा रहा था। पुलिस अशांति फैलाने वालों की पहचान करने और उनके खिलाफ कार्रवाई करने के लिए स्थिति पर कड़ी नजर रख रही है। एसपी ने कहा कि मैं मीडिया कर्मियों से विनम्र निवेदन करता हूं कि वे अस्थिर परिस्थितियों को कवर करते समय सावधानी बरतें और अपनी सुरक्षा का ध्यान रखें।

## घरेलू सहायिका से छेड़छाड़ का आरोप, कसबा थाने के एसआई के खिलाफ शिकायत दर्ज

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता में सोनारपुर थाना क्षेत्र निवासी एक घरेलू सहायिका ने एक पुलिस अधिकारी पर छेड़छाड़ का गंभीर आरोप लगाया है। पुलिस के अनुसार, पीड़िता ने ई-मेल के जरिए कसबा थाना में शिकायत दर्ज कराई है। फिलहाल, आरोपित पुलिस अधिकारी का नाम सार्वजनिक नहीं किया गया है। पीड़िता दक्षिण 24 परगना जिले के सोनारपुर थाना क्षेत्र की निवासी है और कोलकाता में आरोपित पुलिस अधिकारी के घर रसोईया के तौर पर काम करती थी। महिला ने आरोप लगाया है कि घर में अन्य सदस्य मौजूद न होने का फायदा उठाकर पुलिस अधिकारी ने उसकी मर्यादा भंग करने की कोशिश की। जब उसने इसका विरोध किया तो उस पर चोरी का झूठा आरोप लगाया गया। आरोप है कि उसे एक खाली कागज पर जबरन कुछ लिखने के लिए मजबूर किया गया। पीड़िता ने बताया कि वह किसी कारणवश सीधे थाने नहीं जा सकी, इसलिए उसने कसबा थाने को ई-मेल के माध्यम से लिखित शिकायत भेजी। शिकायतकर्ता का यह भी आरोप है कि घटना के बाद से उसे लगातार धमकियां मिल रही हैं, जिससे वह बेहद डरी हुई है। उसने आरोपित पुलिस अधिकारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में कोलकाता पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि एक शिकायत प्राप्त हुई है। मामले की जांच की जा रही है।

## कलकत्ता वस्त्र व्यवसायी सेवा समिति का गंगासागर मेला शिविर सेवा भाव के साथ संपन्न

**सागर द्वीप :** कलकत्ता वस्त्र व्यवसायी सेवा समिति के तत्वावधान में संस्था के भवन स्वर्ग आश्रम में आयोजित गंगासागर मेला शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। समिति की ओर से तीर्थयात्रियों के लिए नि:शुल्क आवास, भोजन, चाय-नास्ता और प्राथमिक चिकित्सा की सुव्यवस्थित व्यवस्था की गई, जिससे तीर्थयात्रियों को सुविधा और राहत प्रदान हुई। संस्था के अध्यक्ष महेंद्र चौधरी, उपाध्यक्ष सीताराम वर्मा, मुरारीलाल सराफ, सचिव नंदकिशोर भूतड़ा, मेला संयोजक बजरंगलाल खेरिया, राजेश गुप्ता, सहसचिव दयानंद गुप्ता, जनसंपर्क अधिकारी विवेक अग्रवाल, सदस्य भंवरलाल बिहानी, प्रदीप चिरानिया, सुरेंद्र शर्मा, मुकेश



गुप्ता, सुशील कुमार मिमाणी, गोवर्दधनसिंह राजपुरोहित, अरुण बागड़ोदिया, मनोज तिवारी, राकेश शर्मा, मुकेश गोयल, राम आधार प्रजापति, आर्यमान चौधरी, अनिल गोयल, अमित गोयल, सुनील गुप्ता, राहुल जैन, शिवकुमार मोहता, मुकेश राजपुरोहित, नवल चाडक, सुशील बंसल, सुरेश गुप्ता, व महिला कार्यकर्ता सरला भूतड़ा, किरण चांडक, प्रिया शारडा, कुसुम मोहता, संतोष गुप्ता, कविता गुप्ता, अवन्तिका चांडक, कविता कारनानी, सूरजदेवी राजपुरोहसहित अन्य सदस्य मेला सेवा शिविर को सफल बनाने में सक्रिय रहे।

## श्री महाशक्ति शिवसागर समिति का गंगासागर तीर्थयात्री सेवा शिविर सफलतापूर्वक संपन्न

**कोलकाता, समाज्ञा :** श्री महाशक्ति शिवसागर समिति द्वारा गंगासागर तीर्थयात्रियों की सेवा हेतु स्ट्रैंड रोड और कैनिंग स्ट्रीट के संगम स्थल पर लगाए गए सेवा शिविर का सफलतापूर्वक समापन हो गया है। यह शिविर 9 जनवरी से 16 जनवरी 2026 तक संचालित रहा, जिसमें गंगासागर आने वाले हजारों तीर्थयात्रियों की निःशुल्क सेवा की गई। शिविर में तीर्थयात्रियों के लिए निःशुल्क भोजन, चाय-नाश्ता, ठंड से बचाव हेतु कंबल वितरण, दवाइयों एवं प्राथमिक चिकित्सा के साथ-साथ आवास की समुचित व्यवस्था की गई थी।

सेवा शिविर का उद्घाटन संत महामंडलेश्वर श्री परमानंद जी महाराज द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद एवं पश्चिम बंगाल भाजपा अध्यक्ष समीक भट्टाचार्य उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में प्रताप बनर्जी, संजय सिंह, शशि अग्निहोत्री, मनोज पाण्डेय, रितेश तिवारी, विद्यासागर



मंत्री सहित मुख्य संरक्षक शिशिर बाजोरिया, महेंद्र कुमार जालान, विनय दुबे, तमघनो घोष, अनिल गोयल, सुनील चोपड़ा, सत्येंद्र सिंह, एस.के. जैन, अशोक सिंघल, सज्जन सराफ, जितेन भाई शाह, ललित झवर, ओमप्रकाश अग्रवाल, कल्पात भाई शाह, आशीष नेवटिया, रूहमाल चौधरी, करण सिंह बैंद, कार्तिक प्रसाद सोनकर एवं रमाकांत राय शामिल रहे।

समिति के संरक्षक कमल दूगड़, शर्मा, प्रकाश भाटिया, प्रकाश दूगड़, विट्ठलदास कोठारी, महेश शर्मा (नेचुरल ग्रुप), विक्की राज सिकरिया, सब्बीर भाई अरुणपूरवाला तथा राजेंद्र कुमार गोयनका का भी विशेष सहयोग रहा। समिति के अध्यक्ष पंडित लक्ष्मीकांत तिवारी के मार्गदर्शन में महामंत्री भोला प्रसाद सोनकर एवं कार्यकारी सदस्यों दीपक मिश्रा, नंदू प्रसाद सोनकर, शिवकुमार गांधी, ओमप्रकाश सोनकर, अच्युतानंदन राय, जयगोविंद गुप्ता, दिपू बैंदा, अखिलेश सिंह, मनोज गुप्ता, नंदू कुमार सिंह एवं अश्वनी सोनकर ने सेवा कार्य को सफल बनाया। सांसद समीक भट्टाचार्य ने समिति की सेवा भावना की सराहना की।

## एसआईआर सुनवाई में अर्जुन सिंह की पत्नी को नोटिस

### विधायक बेटे पवन सिंह ने उठाए सवाल



**कोलकाता :** स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) की सुनवाई को लेकर एक बार फिर राजनीतिक विवाद सामने आया है। भाटपाड़ा से भाजपा विधायक पवन सिंह ने एसआईआर सुनवाई के नाम पर कथित तौर पर उत्पीड़न का आरोप लगाया है। उन्होंने पूर्व सांसद अर्जुन सिंह की पत्नी और अपनी मां ऊषा सिंह को सुनवाई के लिए बुलाए जाने पर सवाल खड़े किए हैं।

पवन सिंह का कहना है कि उनके पिता, स्वयं वे और उनकी दोनों बहनों को किसी प्रकार की समस्या नहीं हुई और न ही उन्हें सुनवाई के लिए बुलाया गया। इसके बावजूद उनकी मां को नोटिस भेजे जाने को लेकर उन्होंने नाराजगी जताई। पवन सिंह ने कहा, मैं विधायक हूं, परिवार में पिता और दादा सांसद तथा विधायक रह चुके हैं। नामांकन दाखिल करते समय सभी जरूरी दस्तावेज जमा किए गए थे, जिनमें मेरी मां का विवरण भी शामिल था। इसके बाद भी उन्हें सुनवाई के लिए बुलाने का क्या औचित्य है, यह समझ में नहीं आता।

सूत्रों के अनुसार, 5 जनवरी को एसआईआर की सुनवाई के लिए अर्जुन सिंह की पत्नी ऊषा सिंह को बुलाया गया था। वे सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ सुनवाई में उपस्थित भी हुई थीं। इस घटना के लगभग 12 दिन बाद शनिवार को पवन सिंह ने सार्वजनिक रूप से सुनवाई के नाम पर हो रही कथित परेशानियों पर अपनी बात रखी।

हालांकि, पवन सिंह ने सीधे तौर पर निर्वाचन आयोग पर आरोप लगाने से परहेज किया। उन्होंने कहा, मेरी मां की तरह और भी कई लोग हैं, जिनके परिवार के अन्य सदस्यों का सब कुछ ठीक होने के बावजूद उन्हें सुनवाई का नोटिस भेजा गया है। इस पर मैं निर्वाचन आयोग को दोष नहीं देना चाहता, लेकिन बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) और इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर (ईआरओ) स्तर पर जरूर कुछ गड़बड़ी हुई होगी, वरना नोटिस क्यों जारी किया जाता?

इस बीच, एसआईआर सुनवाई में जगद्दल से तृणमूल कांग्रेस विधायक सोमनाथ श्याम को भी बुलाया गया है। इस मुद्दे पर प्रतिक्रिया देते हुए सोमनाथ श्याम ने पवन सिंह पर कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि भाजपा खुद गड्ढा खोदकर उसी में गिर गई है। सोमनाथ श्याम ने सवाल उठाया कि यदि पवन सिंह की मां को बुलाना बीएलओ या ईआरओ की गलती मानी जा रही है, तो फिर उनकी पत्नी को सुनवाई के लिए बुलाए जाने की जिम्मेदारी किसकी है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि उनकी पत्नी सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ सुनवाई में उपस्थित होंगी।

## अग्रसेन बॉयज स्कूल की वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता में छात्रों ने दिखाया अनुशासन, ऊर्जा और खेल कौशल

**हावड़ा :** अग्रसेन बॉयज स्कूल में शनिवार को विद्यालय परिसर में माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक छात्रों की वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता हर्षोल्लास और अनुशासनपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मोहन बागान ए.सी. के पूर्व भारतीय फुटबॉल गोलकीपर संग्राम मुखर्जी, विद्यालय के अध्यक्ष सत्यनारायण देवरलिया, विद्यालय के शासी सदस्य अशोक बंसल, बजरंग लाल अग्रवाल, अनिल कुमार अग्रवाल, शिक्षा हितैषी सदस्य नवीन टीकमानी, ट्रस्टी सदस्य राम विलास अग्रवाल, विद्यालय के निदेशक सरोज कुमार श्रीवास्तव, अग्रसेन बालिका शिक्षा सदन के वरिष्ठ अधिकारी, अग्रसेन बॉयज स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र,



अभिभावक एवं विद्यालय परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ उपस्थित गणमान्य अतिथि तथा अध्यक्ष महोदय ने ध्वजारोहणकर राष्ट्रगान करते हुए किया तत्पश्चात मुख्य अतिथि संग्राम मुखर्जी तथा विद्यालय के अध्यक्ष सत्यनारायण अग्रवाल ने गार्ड ऑफ ऑनर चारों सदनों के सदस्यों द्वारा प्राप्त की तथा चारों सदनों के सदस्यों द्वारा कदमताल करते हुए सलामी ली गई। उपस्थित अतिथिगण एवं विद्यालय की प्रधानाचार्या अबीरा दास द्वारा शांति के दूत कबूतर और गुब्बारे उड़ाकर विद्यालय की उन्नति, प्रगति की कामना की। मुख्य अतिथि संग्राम मुखर्जी ने फुटबॉल उछालकर खेलों का औपचारिक शुभारंभ किया और छात्रों का उत्साहवर्धन किया।

कार्यक्रम का विशेष आकर्षण विद्यालय के कप्तान और उप-कप्तान का घोड़े पर सवार होकर विद्यालय ध्वज के साथ प्रवेश रहा। विजयी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र और पदक प्रदान किए गए। रूबी सदन को विजेता घोषित किया गया, जबकि सफायर को सर्वश्रेष्ठ अभिमुख प्रयाण, एमराल्ड को सर्वाधिक अनुशासित और एम्बर को रस्साकशी विजेता घोषित किया गया। वर्ष का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी कुलदीप जायसवाल (कक्षा 11) को चुना गया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन और राष्ट्रगान के साथ प्रतियोगिता का समापन हुआ।

## न्यूज अपडेट



दक्षिण 24 परगना: गंगासागर पुल निर्माण की दिशा में मुरीगंगा नदी में मिट्टी परीक्षण का कार्य जारी।

### मध्य कलकत्ता साहू समाज का गंगासागर सेवा शिविर उत्साह के साथ हुआ संपन्न




**कोलकाता, समाज्ञा :** मध्य कलकत्ता साहू समाज द्वारा आयोजित गंगासागर सेवा शिविर का समापन कार्यक्रम बड़े धूमधाम से संपन्न हुआ। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों में पश्चिम बंगाल तैलीक साहू सभा के अध्यक्ष रूप चंद प्रसाद, कार्यकारी अध्यक्ष एम.एल. साव, महामंत्री शिवशंकर गुप्ता, महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्षा पुष्पा गुप्ता, सचिव कंचन गुप्ता, युवा अध्यक्ष पिंटू साव, सचिव राकेश साव के साथ-साथ सभी प्रकोष्ठों एवं सभी आंचलिक साहू संगठनों के पदाधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। मध्य कलकत्ता साहू समाज के अध्यक्ष गोवर्धन गुप्ता, कार्यकारी अध्यक्ष विनोद कुमार गुप्ता, महामंत्री महेंद्र गुप्ता तथा कोषाध्यक्ष संतोष कुमार गुप्ता के साथ-साथ सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने आने वाले वर्ष में शिविर को और अधिक भव्य एवं सुव्यवस्थित रूप में आयोजित करने का संकल्प लिया। साथ ही सभी ने दानदाताओं और सहयोगियों के प्रति विशेष आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के अंत में देसी भोजन लिट्टी-चोखा परोसकर सभी अतिथियों को विदा किया गया।

### डेंगू के प्रति जागरूकता के लिए निगम ने शुरू किया अभियान




**कोलकाता :** महानगर के लोगों को डेंगू सहित अन्य मच्छरजनित रोगों के प्रति जागरूक करने के लिए कोलकाता निगम की ओर से शनिवार से जागरूकता अभियान शुरू किया गया है। कोलकाता के मेयर व राज्य के शहरी विकास मंत्री फिरहाद हकीम ने शनिवार को इस अभियान की शुरूआत की। इसी क्रम में, शनिवार को वार्ड नंबर 63 की पार्षद व बोरो 7 की चेयरपर्सन सुष्मिता भट्टाचार्य व वार्ड के तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष बब्लू पाइन के नेतृत्व में भी यह अभियान शुरू किया गया। इस अभियान में कई स्कूली बच्चे अपने शिक्षकों के साथ डेंगू मच्छर से बचाव के अभियान में शामिल हुए।

### गोवाबगान व्यवसायिक संघ का समापन समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न



**कोलकाता, समाज्ञा :** गोवाबगान व्यवसायिक संघ का समापन समारोह हर्षोल्लास और उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्नहुआ। समारोह में चाय के लिए प्रसिद्ध शिविर के अध्यक्ष सत्यनारायण जायसवाल, मदन सेठ, मंत्री रामफूल जायसवाल, संरक्षक प्रेम प्रकाश साव के साथ सहस्त्रार्जुन समिति के अध्यक्ष विकास जायसवाल (डब्बू), कार्यक्रम अध्यक्ष अरुण जायसवाल, विशिष्ट अतिथि मेवा लाल जायसवाल मौजूद रहे। समारोह को संबोधित करते हुए विकास जायसवाल ने कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम को सफल बनाने में उमाशंकर, शंकर यादव, सुभाष, विकास और शैलेन्द्र का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस अवसर पर विकास जायसवाल की माता शोभा देवी जायसवाल सहित गायत्री, संजू जी, बापी सिंह, संजय जी, मनोहर जी, रमेश जी, कप्तान रतन जी, सचिन और राजेन्द्र राकेश की गरिमामयी उपस्थिति ने समारोह की शोभा बढ़ाई।

### एसआईआर में कथित उत्पीड़नः नंदीग्राम में 70 बीएलओ का सामूहिक इस्तीफा, प्रशासन में हड़कंप

❑ **107 बीएलओ में से 70 ने बीडीओ को सौंपा इस्तीफानामा**

**पूर्व मेदिनीपुर :** स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) शुरू होने के बाद से ही बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) लगातार अपने निर्धारित कार्यों को अंजाम दे रहे हैं। लेकिन कार्यप्रणाली और बार-बार बदलते दिशा-निर्देशों के विरोध में अब असंतोष खुलकर सामने आने लगा है। नंदीग्राम के नंदीग्राम-2 ब्लॉक में शनिवार को 70 बीएलओ ने सामूहिक रूप से इस्तीफा देकर प्रशासन को चौंका दिया। कुल 107 बीएलओ में से 70 ने ब्लॉक विकास अधिकारी (बीडीओ) के पास अपने इस्तीफे जमा किए। बीएलओ का आरोप है कि शुरुआत में उन्हें 'अनमैप्ड' मतदाताओं को बुलाकर सुनवाई करने और दस्तावेजों की जांच करने का निर्देश दिया गया था। यह काम पूरा होने के बाद अचानक व्हाट्सऐप के माध्यम से नए-नए निर्देश भेजे जाने लगे। 'लॉजिकल डिस्क्रेपेंसी' के नाम पर कहीं माता-पिता के नाम में अंतर, कहीं परिवार के सदस्यों की संख्या को लेकर विरोधाभासी सूचनाएं दी जा रही हैं। कुछ मामलों में यह भी बताया गया कि किसी मतदाता के तीन नहीं बल्कि छह बच्चे हैं, लेकिन वे अतिरिक्त सदस्य कौन हैं-इस बारे में कोई स्पष्ट जानकारी या लिंक बीएलओ को नहीं दिया जा रहा। बीएलओ का कहना है कि इन अस्पष्ट और विरोधाभासी निर्देशों के कारण उन्हें क्षेत्र में जाकर आम लोगों के सवालों का सामना करना पड़ रहा है, जिससे वे गंभीर मानसिक दबाव और कई बार शारीरिक-मानसिक उत्पीड़न का शिकार हो रहे हैं। उनका आरोप है कि मौजूदा परिस्थितियों में मैदानी काम करना लगभग असंभव हो गया है। बीएलओ ने साफ शब्दों में कहा कि वे अब व्हाट्सऐप पर भेजे गए मौखिक या अस्थायी निर्देशों का पालन नहीं करेंगे। जब तक बीडीओ कार्यालय की ओर से लिखित और स्पष्ट दिशा-निर्देश नहीं दिए जाते, तब तक काम जारी रखना उनके लिए संभव नहीं है। इसी मांग को लेकर नंदीग्राम-2 ब्लॉक के 70 बीएलओ ने एकजुट होकर इस्तीफा सौंप दिया है। इस सामूहिक इस्तीफे के बाद चुनावी कार्यों और एसआईआर प्रक्रिया को लेकर प्रशासन की मुश्किलें बढ़ गई हैं।

### माइक्रोकैप्स में स्मॉल कैप पोर्टफोलियो एक्सपोज़र 2% तक सीमित है : वेंचुरा

**कोलकाता :** वेंचुरा द्वारा किए गए एक अध्ययन के अनुसार, स्मॉल-कैप फंड्स का माइक्रोकैप शेयरों (मार्केट कैप रैंक 1000 से नीचे) में पोर्टफोलियो एक्सपोज़र लगभग 2% तक सीमित है। नवंबर 2025 तक, स्मॉल-कैप फंड कैटेगरी कुल 32 स्कीमों के ज़रिए लगभग 3.7 लाख करोड़ की एसेट्स अंडर मैनेजमेंट संभाल रही है। वेंचुरा के निदेशक, जुज़र गबाजीवाला कहते हैं, स्वाभाविक रूप से, स्मॉलकैप्स वोलेटाइल होते हैं और कभी-कभी रिस्की भी। हालाँकि, यह कैटेगरी विकसित हुई है, पोर्टफोलियो कंस्ट्रक्शन ज़्यादा अनुशासित हो गया है, और अवसरों का दायरा लगातार बढ़ रहा है।






# बेलडांगा में हुई हिंसा के पीछे भाजपा और हुमायूं कबीर का हो सकता है हाथ : अभिषेक बनर्जी

**❑ तृणमूल नेता ने अधीर चौधरी को बताया 'भाजपा का डमी उम्मीदवार'**

**मुर्शिदाबाद :** तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने शनिवार को आरोप लगाया कि राज्य की मुख्य विपक्षी भाजपा ने तृणमूल कांग्रेस के पूर्व नेता हुमायूं कबीर के साथ मिलकर मुर्शिदाबाद जिले के बेलडांगा में हिंसा भड़काने की साजिश रची होगी। उन्होंने इसी के साथ लोगों से शांति और सद्भाव बनाये रखने की अपील की। इस दिन, जिला मुख्यालय बहरामपुर में रोड शो निकालने के बाद एक रैली को संबोधित करते हुए, अभिषेक बनर्जी ने हिंसा का जिक्र करते हुए कहा कि उन्हें कई लोगों ने कार्यक्रम आयोजित नहीं करने की सलाह दी थी, लेकिन उन्होंने आगे बढ़ने का फैसला किया। उन्होंने कहा कि जब मुझे बेलडांगा हिंसा की जानकारी हुई, तब मेरी पार्टी के कई सदस्यों और अन्य लोगों ने मुझे आज रोड शो एवं सभा न करने की सलाह दी। लेकिन हमने सभा की, क्योंकि यह हिंसा भाजपा और एक गद्दार (देशद्रोही) द्वारा भड़काई गई थी। आज सभा न करने से ऐसे तत्वों को बढ़ावा मिलता। तृणमूल नेता ने कहा कि 'गद्दार' को पहले ही पार्टी से निकाल दिया गया है तथा आगामी दिनों में उसे बेनकाब किया जायेगा। कबीर का नाम लेते हुए, अभिषेक ने कहा कि लोगों को बांटने वालों को बाहर का रास्ता दिखा दिया जाना चाहिए। बाबरी मस्जिद के नाम पर राजनीति करने वालों को हार का मुंह देखना पड़ेगा। हुमायूं कबीर का असली चेहरा जल्द ही सामने आएगा। उन्होंने लोगों से उकसावे में न आने का आह्वान करते हुए कहा कि प्रशासन को एक महिला टेलीविजन रिपोर्टर पर हमला समेत आगजनी और हमलों में संलिप्त लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए कहा गया है। उन्होंने कहा कि उन्होंने झारखंड में मुर्शिदाबाद के एक बांग्ला भाषी प्रवासी मजदूर की अस्वभाविक मौत का मुद्दा वहां के मुख्यमंत्री कार्यालय के समक्ष उठाया है। उन्होंने रेखांकित किया कि तृणमूल हमेशा राज्य के बाहर उत्पीड़न का सामना करने वाले प्रवासियों के साथ खड़ी है। अभिषक ने कहा कि बहरामपुर के सांसद यूसुफ पठान और स्थानीय विधायक उस प्रवासी मजदूर के परिवार से मिलने जाएंगे, जिसका शव उसके कमरे में फंदे से लटका मिला था, इस घटना के बाद ही बेलडांगा में हिंसा भड़की और विरोध प्रदर्शन होने लगा था। तृणमूल नेता ने कहा कि राज्य सरकार मृतक के परिवार के लिए पहले ही दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि तथा उसकी पत्नी के लिए सरकारी नौकरी घोषित कर चुकी है। पूर्व कांग्रेस सांसद अधीर चौधरी पर तीखा हमला करते हुए, अभिषेक ने उन्हें 'भाजपा का डमी उम्मीदवार' बताया और उन पर बांग्ला भाषी प्रवासियों के कथित उत्पीड़न और मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया के दौरान मतदाताओं के नाम हटाने जैसे मुद्दों पर चुप रहने का आरोप लगाया। इसके अलावा, अभिषेक ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के दौरान लोगों को कथित रूप से परेशान किए जाने का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने दावा किया कि मालदह और मुर्शिदाबाद जैसे जिलों में खासकर अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों को निशाना बनाया जा रहा है और चुनाव आयोग पर कटाक्ष करते हुए उसे 'निर्यातन आयोग' तक कहा।



## न्यूज ब्रीफ

### कारखाने में लगी भीषण आग



**हुगली, समाज्ञा :** जिले के भद्रेश्वर थाना क्षेत्र के बिघाटी मोड़ पर दिल्ली रोड के किनारे स्थित एक कारखाने के गोदाम में भीषण आग लग गई है। बताया जा रहा है कि जिस गोदाम में आग लगी है, वहां प्लास्टिक पाइप और तार का भारी भंडारण था, जिसके कारण आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। आग की विनाशकारी लपटें निकलते देख स्थानीय लोग घबरा उठे। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की दो गाड़ियां मौके पर पहुंची। खबर लिखे जाने तक आग पर काबू पाने की कोशिश जारी है। चिंता की बात यह है कि आग लगने वाले कारखाने के आसपास कई अन्य कारखाने भी स्थित हैं, जिससे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल है। फिलहाल आग लगने के सटीक कारणों का पता नहीं चल पाया है। दमकल कर्मी स्थिति को नियंत्रित करने में जुटे हुए हैं। वहीं स्थिति को नियंत्रण में लेने के लिए पुलिस भी मौके पर पहुंची है।

### एसबीआई ने कोलकाता में जीएमयू कार्यालय का पट्टा किया समाप्त




**कोलकाता, समाज्ञा :** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने कोलकाता में अपनी वैश्विक बाजार इकाई (जीएमयू) के परिसर का पट्टा समाप्त कर दिया है। बैंक के इस कदम का एक नागरिक मंच ने कड़ा विरोध किया है और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) से हस्तक्षेप कर बिना नियामक मंजूरी के इस इकाई को बंद होने से रोकने का आग्रह किया है। एक वेंडर को जारी 14 जनवरी के एसबीआई के नोटिस के अनुसार, बैंक मध्य कोलकाता के जवाहरलाल नेहरू रोड स्थित 'जीवन सुधा' बिल्डिंग की 11वीं से 16वीं मंजिल का पट्टा समाप्त कर रहा है। इसी परिसर में बैंक की विदेशी मुद्रा और वैश्विक बाजार इकाई स्थित थी। नोटिस में परिसर खाली करने के लिए एक महीने का समय दिया गया है। यह कदम बैंक की अपने ट्रेजरी और विदेशी मुद्रा परिचालन को मुंबई स्थानांतरित कर वहां से संचालित करने की योजना का हिस्सा है। एसबीआई अब तक 'जीवन सुधा' बिल्डिंग से ही अपनी जीएमयू और कुछ अंतरराष्ट्रीय बैंकिंग गतिविधियों का संचालन करता आ रहा है। बैंक की अपनी विशाल इमारत 'समृद्धि भवन' हुगली नदी के तट पर '1, स्ट्रैंड रोड' पर स्थित है। यह भवन एसबीआई के कई महत्वपूर्ण विभागों का प्रमुख केंद्र है, जिसमें स्टेट बैंक अभिलेखागार और संग्रहालय भी शामिल है। यहां खुदरा बैंकिंग से लेकर अन्य विशिष्ट सेवाएं प्रदान की जाती हैं और साथ ही यहां बैंक का एक बड़ा क्षेत्रीय कार्यालय भी संचालित होता है। नागरिक मंच 'बैंक बचाओ देश बचाओ मंच' (बीबीडीबीएम) ने कहा कि एसबीआई ने इमारत के मालिक 'भारतीय जीवन बीमा निगम' (एलआईसी) को परिसर खाली करने के अपने इरादे के बारे में पहले ही सूचित कर दिया है। मंच के अनुसार, यह दर्शाता है कि प्रशासनिक स्तर पर कोलकाता जीएमयू को बंद करने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है।

## विद्यासागर सेतु पर आज होगा मरम्मत कार्य, कोलकाता-हावड़ा कनेक्शन रहेंगे प्रभावित

**कोलकाता, समाज्ञा**

विद्यासागर सेतु पर मरम्मत कार्य के चलते आज सुबह 5 बजे से दोपहर 1 बजे तक यातायात व्यवस्था में अस्थायी परिवर्तन किया गया है। हावड़ा रिवर ब्रिज कमिश्नर्स (एचआरबीसी) द्वारा सेतु पर स्टे और होल्डिंग-डाउन केबल, बेयरिंग आदि के प्रतिस्थापन का कार्य किया जाएगा, जिसे देखते हुए ट्रैफिक पुलिस ने जनहित में कई मार्गों पर डायवर्जन लागू करने की घोषणा की है।

इस दौरान कोलकाता की ओर जाने वाले सभी वाहन, मालवाहक वाहनों को छोड़कर, विद्यासागर सेतु का उपयोग नहीं कर सकेंगे और उन्हें हावड़ा ब्रिज (रवींद्र सेतु), निवेदिता सेतु अथवा ओल्ड बैली ब्रिज (विवेकानंद सेतु) से होकर जाना होगा। वहीं, कोलाघाट साइड से एनएच-16 के माध्यम से आने वाले मालवाहक वाहन, जो कोना एक्सप्रेसवे या द्वितीय हुगली ब्रिज से कोलकाता जाना चाहते हैं, वे धुलागढ़-निबड़ा-सलाप-पाकुड़िया-सीसीआर ब्रिज होते हुए निवेदिता सेतु का उपयोग कर सकेंगे। डानकुनी साइड से आने वाले मालवाहक वाहनों को भी निवेदिता सेतु से जाने की अनुमति दी गई है।

कोलकाता से हावड़ा की ओर जाने वाले वे वाहन जो सामान्यतः द्वितीय हुगली ब्रिज का उपयोग करते हैं, उन्हें हावड़ा ब्रिज या निवेदिता सेतु से होकर जाने की सलाह दी गई है। वहीं, कोलाघाट की ओर जाने वाले वाहन, मालवाहक को छोड़कर, काजीपाड़ा-जीटी रोड-बटतला-आंदुल रोड-आलमपुर-एनएच-16-धुलागढ़-रानीहाटी अथवा हांगसांग क्रॉसिंग-कोना एक्सप्रेसवे-निबड़ा-एनएच-16-अंकुरहाटी-धुलागढ़-रानीहाटी मार्ग अपना सकते हैं।

इसी तरह डानकुनी की ओर जाने वाले गैर-मालवाहक वाहनों के लिए हांगसांग क्रॉसिंग-कोना एक्सप्रेसवे-एनएच-16-पाकुड़िया-सीसीआर ब्रिज-मैतीपाड़ा-डानकुनी, या वैकल्पिक रूप से हांगसांग क्रॉसिंग से सैलेन मन्ना सरणी और हावड़ा अमता रोड होते हुए, अथवा काजीपाड़ा-जीटी रोड/फोरशोर रोड-सालकिया-बैली-जीरो पॉइंट-मैतीपाड़ा मार्ग निर्धारित किए गए हैं।

## एसआईआर मामलाः नवान्न की अपील नामंजूर 4 अधिकारियों और एक कर्मचारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का निर्देश बरकरार

**कोलकाता :** वोटर लिस्ट में अवैध तरीके से नाम जोड़ने समेत कई अनियमितताओं के आरोपों को लेकर चुनाव आयोग (ईसीआई) ने सख्त रुख अपनाया है। नवान्न की अपील को दरकिनार करते हुए आयोग ने एक बार फिर जिला निर्वाचन अधिकारियों (डीईओ) को चार अधिकारियों और एक कर्मचारी के खिलाफ अनिवार्य रूप से एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया है। गौरतलब है कि वर्ष की शुरुआत में ही चुनाव आयोग ने संबंधित जिलों के डीईओ को आदेश दिया था कि दो ईआरओ, एक एईआरओ और एक डाटा एंट्री ऑपरेटर समेत कुल पांच लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए। इसके बाद नवान्न की ओर से आयोग से अपील की गई थी कि संबंधित अधिकारियों को 'लघु पाप में गंभीर दंड' न दिया जाए और आदेश पर पुनर्विचार किया जाए। हालांकि, सूत्रों के मुताबिक चुनाव आयोग ने नवान्न की इस अपील को स्वीकार नहीं किया। शनिवार को आयोग की ओर से जिलाधिकारियों (डीएम) को रिमाइंडर भेजकर स्पष्ट कर दिया गया कि पूर्व निर्देश के अनुसार संबंधित अधिकारियों और कर्मचारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करनी ही होगी। चुनाव आयोग का मानना है कि मतदाता सूची की शुद्धता लोकतांत्रिक प्रक्रिया का मूल आधार है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता को बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। इस फैसले के बाद राज्य के प्रशासनिक हलकों में हलचल तेज हो गई है और आगे की कार्रवाई पर सभी की नजरें टिकी हुई हैं।

## डोमजूर में मतदाता सूची विवादः पिता के स्थान पर दादा का नाम दर्ज, विरोध प्रदर्शन



**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा के डोमजूर में मतदाता सूची में गंभीर त्रुटियों को लेकर शनिवार को तनावपूर्ण स्थिति उत्पन्न हो गई। स्थानीय लोगों द्वारा शिकायत है कि मतदाता सूची में लगभग 200 मतदाताओं के पिता के नाम की जगह दादा का नाम दर्ज कर दिया गया है। इसके विरोध में सांकराइल विधानसभा क्षेत्र के महियारी दो नंबर ग्राम पंचायत के 13 नंबर पार्ट के मतदाताओं ने बीएलओ के घर का घेराव किया और बाद में पास की सड़क में विरोध प्रदर्शन किया। स्थानीय निवासियों ने कहा कि सूची के प्रारूप में उनके नाम सही दर्ज थे, लेकिन संशोधन हेतु उन्हें सुनवाई का नोटिस भेजा गया। करीब 500 मतदाताओं में से 200 के मामलों में यह त्रुटि सामने आई, जिससे मतदाताओं में भ्रम और आक्रोश फैल गया। इस मामले पर बीएलओ कविता सांतारा साहा ने स्वीकार किया कि लगभग 110 मामलों में इस तरह की त्रुटि हो सकती है। उन्होंने आश्वासन दिया कि सुनवाई के माध्यम से सभी गलतियों को शीघ्र सुधारा जाएगा। आश्वासन के बाद स्थिति कुछ हद तक शांत हुई, लेकिन मतदाताओं ने शीघ्र और पारदर्शी सुधार की मांग की है।

## एसआईआर दस्तावेज को लेकर आयोग का स्पष्टीकरण, माध्यमिक एडमिट कार्ड मान्य नहीं

**कोलकाता :** स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) की सुनवाई को लेकर राज्य के विभिन्न हिस्सों में लगातार असंतोष और विरोध देखने को मिल रहा है। इसी बीच चुनाव आयोग ने एक अचानक जारी अधिसूचना में स्पष्ट कर दिया है कि माध्यमिक परीक्षा का एडमिट कार्ड दस्तावेज़ के रूप में मान्य नहीं होगा। इस फैसले को लेकर भाजपा को छोड़कर अन्य सभी राजनीतिक दलों ने आपत्ति जताई है।

हालांकि, जिन मतदाताओं ने पहले ही दस्तावेज़ के तौर पर माध्यमिक का एडमिट कार्ड जमा कर दिया है, उनके सामने असमंजस की स्थिति पैदा हो गई थी। इसको ध्यान में रखते हुए आयोग ने मतदाताओं के लिए नई दिशानिर्देश जारी किए हैं।

आयोग के अनुसार, मुख्य रूप से उन मामलों में सुनवाई के लिए बुलाया जा रहा है जहां 'नो मैपिंग' की स्थिति है या एन्यूमरेशन फॉर्म में दी गई जानकारी में विसंगति पाई गई है। ऐसे कई मतदाता हैं जिन्होंने सुनवाई के दौरान केवल माध्यमिक का एडमिट कार्ड ही दस्तावेज़ के रूप में जमा किया था। आयोग ने स्पष्ट किया है कि ऐसे मतदाताओं को दोबारा वैध दस्तावेज़ जमा करना होगा।

आयोग ने यह भी बताया कि मतदाता स्वयं उपस्थित होकर एसआईआर केंद्र में या फिर संबंधित बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) को व्हाट्सऐप के माध्यम से भी आवश्यक दस्तावेज़ भेज सकते हैं। हालांकि, दस्तावेज़ भेजने से पहले बीएलओ से संपर्क करना अनिवार्य होगा। इसके बाद आयोग द्वारा उन दस्तावेज़ों की जांच की जाएगी।

चुनाव आयोग का कहना है कि इस नई व्यवस्था का उद्देश्य भ्रम की स्थिति को दूर करना और सत्यापन प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी बनाना है, ताकि योग्य मतदाताओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

## टीएमसी और बीजेपी एक ही सिक्के के दो पहलू : बाबू नंद प्रसाद

**❑ मुफ्त के राशन सामान्य धन को लेकर अपने बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही जनता**



**हुगली, समाज्ञा :** बहुजन समाज पार्टी के राज्य महासचिव बाबू नंद प्रसाद ने तृणमूल कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि टीएमसी और बीजेपी दोनों एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। दोनों ही दल चुनाव के समय जनता को मूल मुद्दों से भटकाने के लिए मंदिर-मस्जिद की राजनीति कर रहे हैं।

बाबू नंद प्रसाद ने आरोप लगाया कि चुनाव आते ही मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को महाकालेश्वर मंदिर की याद आ जाती है और वह भगवान शिव का गुणगान करने लगती हैं। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी को यह एहसास हो चुका है कि आगामी चुनाव में उनकी करारी हार तय है, इसलिए अब धार्मिक मुद्दों के सहारे जनता का ध्यान भटकाया जा रहा है। रोजगार, उद्योग, शिक्षा, स्वास्थ्य और मूलभूत सुविधाओं जैसे अहम सवालों से जनता को दूर रखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि दूसरी ओर वर्ष 2014 से केंद्र की सत्ता में काबिज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी को भी बंगाल में उद्योगों के विकास की याद चुनाव के समय ही आती है। भाजपा को लंबे समय तक बंगाल में उद्योगों के विलय या पुनरुत्थान की चिंता नहीं रही। अब चुनाव नजदीक आते ही उन्हें सिंगुर में टाटा नैनो की याद आने लगी है और उद्योग पुनर्जागरण की बातें की जा रही हैं। बाबू नंद प्रसाद ने सवाल उठाया कि बंद पड़ी डनलप कंपनी को लेकर आज तक कोई ठोस नीति क्यों नहीं बनाई गई। उन्होंने पूछा कि वर्ष 2014 के बाद से भाजपा ने उद्योगों के पुनर्विस्थापन को लेकर आखिर क्या किया। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव आते ही भाजपा को भ्रष्टाचार की याद आने लगती है और ईडी तथा सीबीआई जैसी केंद्रीय एजेंसियों को हथियार बनाकर विरोधी दलों को निशाना बनाया जाता है। बसपा नेता ने कहा कि अब बंगाल की जनता को जागरूक होने की जरूरत है। जनता को अपने अधिकारों की लड़ाई खुद लड़नी होगी और जुमलेबाजी, झूठ और तुष्टिकरण की राजनीति करने वालों को जड़ से उखाड़ फेंकना होगा। तभी राज्य में समग्र विकास संभव होगा, अन्यथा सिर्फ नेताओं का विकास होता रहेगा। जनता को मुफ्त का राशन त्याग करना होगा रोजगार की मांग करनी होगी।

उन्होंने यह भी मांग की कि सभी राजनीतिक दलों के नेता अपनी-अपनी संपत्ति का पूरा ब्यौरा सार्वजनिक करें, ताकि जनता के सामने दूध का दूध और पानी का पानी हो सके।

## एसआईआर सुनवाई में शामिल हुए लक्ष्मीरतन शुक्ला, बोले-संविधान और व्यवस्था पर पूरा भरोसा



**हावड़ा :** स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) की सुनवाई के सिलसिले में शनिवार को भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व खिलाड़ी और हावड़ा उत्तर से पूर्व विधायक लक्ष्मीरतन शुक्ला हावड़ा सिटी पूर्व पुलिस कार्यालय के समीप स्थित एक विद्यालय पहुंचे। इस दौरान उन्होंने मीडिया से संक्षिप्त बातचीत की और पूरी प्रक्रिया को लेकर अपना पक्ष रखा। लक्ष्मीरतन शुक्ला ने कहा कि जिस तरह से एसआईआर की प्रक्रिया आगे बढ़ रही है, उससे उन्हें उम्मीद है कि इसका लाभ आम लोगों को मिलेगा। उन्होंने किसी भी तरह के विवाद या अटकलों पर टिप्पणी करने से परहेज करते हुए कहा कि उन्हें देश के संविधान और प्रशासनिक व्यवस्था पर पूरा विश्वास है। पूर्व विधायक ने स्पष्ट शब्दों में कहा, मुझे देश के संविधान और राज्य की व्यवस्था पर पूरा भरोसा है। जो भी प्रक्रिया चल रही है, वह कानून के दायरे में है और उसका परिणाम सकारात्मक ही होगा। उन्होंने आगे कहा कि न्यायिक और प्रशासनिक प्रक्रियाओं का मूल उद्देश्य आम नागरिकों को न्याय दिलाना है। उन्हें विश्वास है कि पूरी प्रक्रिया निष्पक्षता के साथ पूरी की जाएगी। मीडिया के सवालों के जवाब में लक्ष्मीरतन शुक्ला ने संयमित रुख अपनाते हुए कहा कि वह कानून का सम्मान करते हैं और उसी के अनुसार आगे बढ़ना चाहते हैं।

## पीएम की जनसभा से पहले मंत्री बेचाराम ने जनसभा मंच से भाजपा पर लगाई दहाड़

**❑ आज सिंगूर में पीएम मोदी की जनसभा, सुरक्षा के कड़े इंतजाम**

**❑ मंत्री बेचाराम मन्ना का बीजेपी पर तीखा हमला**



**हुगली :** आज देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सिंगूर में एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री की प्रस्तावित जनसभा को लेकर सिंगूर की जनता में खासा उत्साह देखा जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी की ओर से कार्यक्रम को लेकर लगभग सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। पूरे इलाके में चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था की गई है, जबकि एसपीजी कमांडो प्रधानमंत्री की सुरक्षा की कमान संभाले हुए हैं।

सिंगूर के लोगों को उम्मीद है कि प्रधानमंत्री इस बार जनसभा के दौरान उद्योग और विकास को लेकर बड़ी घोषणाएं कर सकते हैं, जिससे क्षेत्र के आर्थिक भविष्य को नई दिशा मिलेगी।

वहीं दूसरी ओर, प्रधानमंत्री की जनसभा से ठीक एक दिन पहले यानी शनिवार को बोरा मोड़, सिंगूर में राज्य के मंत्री बेचाराम मन्ना ने एक विशाल जनसभा को संबोधित किया। मंच से उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ जमकर हमला बोला।

मंत्री बेचाराम मन्ना ने आरोप लगाया कि चुनाव नजदीक आते ही बीजेपी सक्रिय हो जाती है, क्योंकि यह 'जुमलों की सरकार' है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 के बाद देश की जनता के साथ केवल जुमलेबाजी की है।

मंत्री ने यह भी आरोप लगाया कि सिंगूर के किसानों को बरगलाने और झूठे वादों के सहारे बहकाने की कोशिश की जा रही है। उनके अनुसार, सामने विधानसभा चुनाव हैं, इसलिए अब बीजेपी सक्रिय हुई है, जबकि इससे पहले किसानों और आम जनता की सुध लेने कोई नहीं आता था। इस तरह, सिंगूर में प्रधानमंत्री की जनसभा से पहले ही राजनीतिक माहौल गरमा गया है और आने वाले दिनों में सियासी टकराव और तेज़ होने के आसार हैं। आगे मंत्री बेचाराम मन्ना ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी वोट-पंछी है, क्योंकि चुनाव आते ही ये लोग जनता के बीच दिखाई देते हैं और सिर्फ झूठे वादे करते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव खत्म होते ही बीजेपी के नेता जनता की समस्याओं से मुंह मोड़ लेते हैं।

मंत्री बेचाराम मन्ना ने यह भी कहा कि सिंगूर की जनता भारतीय जनता पार्टी के जुमलों को अच्छी तरह पहचान चुकी है, यही वजह है कि यहां की जनता अब बीजेपी पर विश्वास नहीं करती। उन्होंने दावा किया कि सिंगूर की जनता विकास और काम की राजनीति चाहती है, न कि खोखले वादों और चुनावी दिखावे की। मंत्री बेचाराम मन्ना ने आगे आरोप लगाते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने बंगाल को आर्थिक वंचना का दर्द दिया है। उन्होंने कहा कि आवास योजना से लेकर 100 दिन के काम तक की राशि रोकने का काम किया गया, ताकि बंगाल विकास से वंचित रह जाए।

मंत्री ने दावा किया कि केंद्र सरकार की इस नीति के कारण आम लोग, गरीब परिवार और मेहनतकश मजदूर सबसे अधिक प्रभावित हुए हैं। उन्होंने कहा कि बंगाल की जनता इन बातों को समझ रही है और समय आने पर इसका मुंहतोड़ जवाब देगी।

## न्यूज अपडेट

### शुभेंदु अधिकारी ने बेलडांगा की हिंसा पर राज्यपाल को लिखा पत्र, हस्तक्षेप की मांग

**कोलकाता, समाज्ञा :** विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने शनिवार को राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस को पत्र लिखकर बेलडांगा में जारी तनाव के बीच दखल देने की मांग की। शुभेंदु अधिकारी ने शनिवार की शाम कहा कि मैं मुर्शिदाबाद जिले के बेलडांगा में जारी साम्प्रदायिक हिंसा को लेकर गहरी चिंता और आक्रोशित हूं, जहां निर्दोष हिन्दू परिवारों के घर, दुकानें और पूजा स्थलों पर सीधे हमले हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि अपने पत्र में उन्होंने राज्यपाल को यह भी बताया कि बेलडांगा में तनाव को कवर कर रहे पत्रकारों, जिनमें महिला पत्रकार भी शामिल हैं, पर रिपोर्टिंग के दौरान कथित रूप से हमला किया गया। शुभेंदु अधिकारी ने बताया कि उन्होंने राज्यपाल को यह भी अवगत कराया कि मुर्शिदाबाद में राज्य और जिला प्रशासन हिंसक भीड़ को नियंत्रित करने में निष्क्रिय रहा। उन्होंने दावा किया कि बेलडांगा में यह हिंसा शुक्रवार की दोपहर से शुरू हुई और शनिवार की दोपहर तक जारी रही। उन्होंने कहा कि सबसे ज्यादा चौंकाने वाली बात है कि राज्य प्रशासन पूरी तरह निष्क्रिय है। धारा 163 के तहत कोई आदेश जारी नहीं किए गए और स्थिति नियंत्रण से बाहर जा रही है। पिछले साल मुर्शिदाबाद में हुए भयंकर दंगों की याद आते ही, जहां जानें गई थीं, मैं चुपचाप नहीं बैठ सकता। पत्र में, विपक्षी नेता ने राज्यपाल से तत्काल प्रतिबंधात्मक आदेश जारी करने और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल तैनात करने का आग्रह किया ताकि बेलडांगा में शांति बहाल हो और लोगों की जान सुरक्षित रहे। उन्होंने कहा कि कोलकाता हाई कोर्ट के 2025 के निर्देश स्पष्ट रूप से ऐसे हालात में कार्रवाई का आदेश देते हैं, और अब इसे लागू किया जाना चाहिए। मैं राज्यपाल से आग्रह करता हूं कि बिना किसी विलंब के हस्तक्षेप करें और राज्य को निर्णायक कार्रवाई करने का निर्देश दें।



**वेस्ट बंगाल यादव समाज के विश्राम दिवस समारोह में मेला अध्यक्ष दुर्गा यादव, सचिव सरोज कुमार यादव, कोषाध्यक्ष कल्पना यादव, संचालक परशुराम राय, सदस्यों में उमेश यादव, भोला यादव, राधेश्याम यादव, बनवारी यादव, मुसाफिर राय, कबीन्द्र यादव, चंद्रप्रकाश यादव, शिवनाथ राय, घनश्याम यादव, श्यामदीन यादव, तारकनाथ यादव, राजदेव राय, सियाराम यादव, महेंद्र यादव, रामसुधार यादव समेत अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।**

### बैंक धोखाधड़ी मामले में ईडी ने कोलकाता के एक कारोबारी को किया गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 2,600 करोड़ रुपये से अधिक की कथित बैंक ऋण धोखाधड़ी से जुड़े मामले में कोलकाता के एक कारोबारी को गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने बताया कि प्रत्युष कुमार सुरेका (40) को शुक्रवार को हिरासत में लिया गया और धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) संबंधी विशेष अदालत ने सुरेका को चार दिन के लिए ईडी की हिरासत में भेज दिया। पता चला है कि यह जांच श्री गणेश ज्वैलरी हाउस (आई) लिमिटेड और उसके प्रवर्तकों से संबंधित बैंक धोखाधड़ी मामले से जुड़ी है। सुरेका पर 25 बैंकों के एक समूह से 2,672 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने का आरोप है। ईडी का यह मामला केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा 2016 में दर्ज की गई प्राथमिकी पर आधारित है। ईडी के अनुसार, जांच में पता चला कि 2011-12 के दौरान कंपनी ने अपने आभूषण व्यवसाय के लिए स्वीकृत ऋण राशि को 'एलेक्स एस्ट्रल पावर प्राइवेट लिमिटेड' और उससे संबंधित इकाइयों के माध्यम से सौर ऊर्जा परियोजनाओं में लगा दिया। सुरेका को अप्रैल 2012 में 'एलेक्स एस्ट्रल पावर प्राइवेट लिमिटेड' का संयुक्त प्रबंध निदेशक नियुक्त किया गया था। जांच एजेंसी ने बताया कि ऐसा आरोप है कि व्यवसायी ने बोर्ड प्रस्तावों में हेराफेरी की, समझौतों की तिथि बदली, डिजिटल हस्ताक्षरों का दुरुपयोग किया और फर्जी निदेशकों की नियुक्ति कर अपना नियंत्रण छिपाया तथा धोखाधड़ी वाले लेन-देन के झूठे रिकॉर्ड बनाए। ईडी अधिकारियों ने बताया कि सुरेका को पांच जनवरी को जारी किए गए 'लुक आउट सर्कुलर' (एलओसी) के आधार पर कोलकाता अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उस समय रोका गया, जब वह थाईलैंड जाने वाले विमान में सवार होने ही वाला था।

### कोलकाता पुस्तक मेले में अमेरिकी मंडप की संभावना बहुत कम : आयोजक

**कोलकाता, समाज्ञा :** अंतरराष्ट्रीय कोलकाता पुस्तक मेले के 49 साल के इतिहास में पहली बार इस वर्ष आयोजन में आधिकारिक अमेरिकी मंडप होने की बहुत कम संभावना है। आयोजकों ने शनिवार को यह बात कही। पब्लिशर्स एंड बुकसेलर्स गिल्ड के महासचिव त्रिदिब चटर्जी ने बताया कि यहां अमेरिकी अधिकारियों के साथ बातचीत के दौरान आयोजकों को सूचित किया गया कि इस वर्ष मेले में आधिकारिक अमेरिकी मंडप स्थापित होने की संभावना कम है। चटर्जी ने कहा कि हमने मेले में भागीदारी करने का अनुरोध करते हुए अमेरिकी अधिकारियों को पत्र लिखा था। हालांकि, उन्होंने इस बार इस तरह की गतिविधि के लिए धन आवंटन से जुड़ी समस्याओं का हवाला दिया। पिछले संस्करणों में अमेरिकी मंडप एक प्रमुख आकर्षण रहता था, खासकर छात्रों के बीच, जो प्रकाशनों, डिजिटल प्रस्तुतियों को देखने और देश के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए आते थे। हालांकि, इस वर्ष मेले का थीम देश अर्जेंटीना है, लेकिन ब्रिटेन, जर्मनी, फ्रांस, ऑस्ट्रेलिया और स्पेन सहित कई अन्य देश भी इसमें भाग ले रहे हैं। चटर्जी ने कहा कि राज्य, देश भर और दुनिया के विभिन्न हिस्सों से बड़े एवं छोटे प्रकाशकों तथा पुस्तक विक्रेताओं के 1,000 से अधिक स्टॉल होंगे। वर्ष 2011 में पुस्तक मेले का थीम देश अमेरिका था। अमेरिकी अधिकारियों की ओर से आधिकारिक प्रतिक्रिया की प्रतीक्षा है।

### तृणमूल कांग्रेस ने प्रधानमंत्री मोदी के आरोपों पर किया पलटवार, पीएम को बताया 'राजनीतिक पर्यटक'

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के गरीब और पिछड़े समुदायों के लिए आवंटित केंद्रीय निधियों की हेराफेरी करने संबंधी आरोपों पर पलटवार करते हुए राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी ने केंद्र को 2021 के विधानसभा चुनाव में भाजपा की हार के बाद से राज्य को आवंटित निधि पर एक श्वेतपत्र जारी करने की चुनौती दी है। तृणमूल कांग्रेस ने अपने 'एक्स' हैंडल पर एक पोस्ट में सवाल किया कि राजनीतिक पर्यटक नरेन्द्र मोदी का दावा है कि वह बंगाल के हर गरीब परिवार को स्थायी घर देना चाहते हैं। क्या सच में? तो फिर केंद्र ने बंगाल की आवास योजना के 24,275 करोड़ रुपये जान-बूझकर क्यों रोक रखे हैं? तृणमूल कांग्रेस ने पूछा कि केंद्र ने बंगाल के लिए निधि आवंटन पर श्वेतपत्र जारी करने की उसकी चुनौती को अब तक क्यों नजरअंदाज किया है। पार्टी ने दावा किया कि राज्य में केंद्र द्वारा 'ग्रामीण आवास के लिए धन रोके जाने' के मद्देनजर, ममता सरकार ने योजना को जारी रखने के लिए अपने खजाने से 30,000 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए। पार्टी ने मोदी से पूछा कि ममता को बांग्लार बारी (योजना) के तहत 14,400 करोड़ रुपये की लागत से 12 लाख परिवारों को मकान देने के लिए हस्तक्षेप क्यों करना पड़ा? बंगाल के अपने खजाने को बांग्लार बारी के दूसरे चरण के तहत 16 लाख और परिवारों को आवास देने के लिए 19,700 करोड़ रुपये का अतिरिक्त बोझ क्यों उठाना पड़ा?



**गोरखपुर नागरिक संघ के विश्राम दिवस समारोह में चेयरपर्सन राम मूरत तिवारी, चेयरपर्सन सुमित्रा तिवारी, अध्यक्ष राजेश कुमार वर्मा, सचिव एवं मेला प्रबंधक सुधाकर तिवारी, भीम पांडे, अशोक प्रजापति, सहायक कोषाध्यक्ष स्नेहा तिवारी एवं सभी सदस्य उपस्थित रहे।**

# श्री जैन विद्यालय हावड़ा का वार्षिक खेलकूद उत्सव हर्षोल्लास से संपन्न


समारोह के उद्घाटनकर्ता समाज्ञा हिन्दी दैनिक के संपादक अनिल राय का सम्मान करते विद्यालय के ट्रस्टी एवं सचिव ललित कांकरिया।


मशाल जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ करते समाज्ञा हिन्दी दैनिक के संपादक अनिल राय


समाज्ञा हिन्दी दैनिक के संपादक अनिल राय, विद्यालय के ट्रस्टी एवं सचिव ललित कांकरिया, विद्यालय की प्रिंसिपल मौसमी घोषाल (गर्ल्स) व इंदू जोसेफ चौधरी (बॉयज)।


विद्यालय के ट्रस्टी एवं सचिव ललित कांकरिया विजयी बच्चों को मेडल पहनाते हुए।

**हावड़ा :** श्री जैन विद्यालय, हावड़ा का वार्षिक खेलकूद उत्सव हावड़ा स्थित शैलेन मन्ना स्टेडियम (डालमिया पार्क) में हर्षोल्लास और रंगारंग वातावरण के बीच सफलता-पूर्वक संपन्न हुआ। रंग-बिरंगी इंद्रधनुषी वेश-भूषा में सजे विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत आकर्षक खेल प्रतियोगिताओं और विजयी प्रतिभागियों के सम्मान ने समारोह को यादगार बना दिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में राधेश्याम चौबे, असिस्टेंट सिक्योरिटी कमिश्नर, आरपीएफ, साउथ ईस्टर्न रेलवे तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में अनिल राय, प्रधान संपादक, समाज्ञा दैनिक पत्र उपस्थित रहे।

विद्यालय के ट्रस्टी एवं सचिव ललित कांकरिया ने अपने उद्बोधन में कहा कि पढ़ाई से जहां बाल मस्तिष्क और बुद्धि का विकास होता है, वहीं खेलकूद से शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ मानसिक और बौद्धिक विकास भी तीव्र गति से होता है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए विद्यालय द्वारा प्रतिवर्ष वार्षिक खेलकूद उत्सव का आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर बालिका विभाग की प्रधानाध्यापिका मौसमी घोषाल, बालक विभाग की प्रिंसिपल इंदु जोसफ चौधरी, उमेश तिवारी सहित अन्य अतिथियों की उपस्थिति समारोह की शोभा बढ़ा रही थी। सभी विजयी प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा मेडल और ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। खेलकूद उत्सव को सफल बनाने में विद्यालय के क्रीड़ा अध्यापक विनोद सिंह, अनिल तिवारी, गरिमा सिंह, शिक्षक प्रतिनिधि संतोष कुमार तिवारी, संजय सिंह, प्रणवेश मिश्र, सरिता सिंह, दिबेदु भट्टाचार्य, अंजू सिंह, मोम चंदा, मधुमिता दास, सतीश सिंह, सोमेन चक्रवर्ती, भीम महतो और चंद्रदेव चौधरी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

समारोह के अंत में बालक एवं बालिका विभाग की प्रधानाध्यापिकाएं मौसमी घोषाल और इंदु जोसफ चौधरी ने सभी विजयी प्रतिभागियों को बधाई दी। विद्यालय के सचिव ललित कांकरिया ने शिक्षक-शिक्षिकाओं, अभिभावकों, दर्शकों और छात्र-छात्राओं का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापन किया।


विश्वनाथ सेवा संघ द्वारा गंगासागर तीर्थायात्रियों को प्रदान निःशुल्क चाय, अल्पाहार, भोजन एवं अस्वस्थ रोगियों के लिए दवाएं एव अस्थायी आवास की व्यवस्था में कार्यकर्ताओं की सक्रिय भूमिका।


बिहार नागरिक संघ के 47वें वर्ष का गंगासागर सेवा शिविर 10 जनवरी से 17 जनवरी तक सफलतापूर्वक आयोजित हुआ। विश्राम दिवस बिहार के मुख्य व्यंजन लिट्टी चोखा के साथ संपन्न हुआ।

## एसआईआर : दस्तावेज सत्यापन की प्रगति पर चुनाव आयोग ने रोजाना तलब की रिपोर्ट

**कोलकाता, समाज्ञा :** विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत पहचान संबंधी दस्तावेजों के सत्यापन को लेकर जारी विवादों के बीच चुनाव आयोग ने कड़ा निर्देश जारी किया है। आयोग ने राज्य के सभी निर्वाचन पंजीकरण अधिकारियों और जिला मजिस्ट्रेटों (जो जिला निर्वाचन अधिकारी भी होते हैं) को दस्तावेज सत्यापन की प्रगति पर प्रतिदिन अलग-अलग रिपोर्ट भेजने को कहा है। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के सूत्रों के अनुसार, आयोग ने दस्तावेज सत्यापन के लिए दो-स्तरीय व्यवस्था अपनाने के निर्देश दिए हैं। पहले चरण में सत्यापन निर्वाचन पंजीकरण अधिकारियों द्वारा किया जाएगा, जबकि दूसरे चरण में जिला निर्वाचन अधिकारी इसकी पुनः जांच और पुष्टि करेंगे।

## स्वतंत्रता सेनानी प्रभुदयाल हिम्मतसिंहका के जीवन चेतना ग्रंथ का लोकार्पण आज



**कोलकाता, समाज्ञा :** सामाजिक और साहित्यिक संस्था संकल्प सृष्टि रविवार को सुबह 10 बजे नेशनल लाइब्रेरी में प्रख्यात स्वतंत्रता सेनानी, उद्योगपति और समाजसेवी प्रभुदयाल हिम्मतसिंहका के जीवन, विचारों और राष्ट्र सेवा के प्रति उनके समर्पण भाव पर केंद्रित ग्रंथ जीवन चेतना प्रभु मूरत देखी तिन तैसीका लोकार्पण समारोह आयोजित करने जा रही है। इस समारोह की अध्यक्षता श्री सीमेंट लिमिटेड के चेयरपर्सन इमेरिटस वेणु गोपाल बांगड़ करेंगे। बम्बई एवं कलकत्ता हाई कोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश चित्ततोष मुखर्जी समारोह के प्रधान अतिथि होंगे। विशिष्ट अतिथि के रुप में प्रख्यात भागवताचार्य बालव्यास पं. श्रीकांत शर्मा व प्रधान वक्ता के तौर पर भागलपुर विक्रमशिला हिंदी विद्यापीठ के कुलाधिपति डॉ. रामजन्म मिश्र अपने सारगर्भित व्यक्तव्य से आयोजन का मार्गदर्शन करेंगे। संस्था के संरक्षक राकेश हिम्मतसिंहका , चेयरमैन रामगोपाल अग्रवाल, अध्यक्ष नवल किशोर परसरामका, संरक्षक दिलीप कुमार चौधरी, ओम जालान, लक्ष्मीनारायण बिहानी, नारायण दास होलानी सहित उद्योगपति नंदलाल रूंगटा, हिम्मतसिंहका परिवार के राजकुमार हिम्मतसिंहका, ओम हिम्मतसिंहका, दीपक हिम्मतसिंहका एवं अन्य समाज के विशिष्ट व्यक्ति कार्यक्रम में रहेंगे।


अमेरिका के न्यू जर्सी में रहने वाले अभिषेक मिश्रा और ज्योत्सना मिश्रा ने अपने पुत्र वीर के जन्मदिवस 17 जनवरी को अनोखे अंदाज में मनाया। उन्होंने इस शुभ अवसर पर हावड़ा में स्थित बादामी देवी शिशु कल्याण केंद्र में रहने वाले बच्चों को दोपहर का भोजन का प्रबंध करवाया।

## भागीरथ फॉर गुड कॉसेस फाउंडेशन ने देहरादून में किया पुस्तक वितरण




**देहरादून, समाज्ञा :** मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर 16 जनवरी को राजकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय, जाखन, देहरादून में वहां के छात्र-छात्राओं को भागीरथ फॉर गुड कॉसेस फाउंडेशन के द्वारा कहानियों की और अन्य पुस्तकों का वितरण किया गया। यह बच्चों में पठन-पाठन की आदत बनाए रखने के लिए उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए किया गया। छात्र-छात्राएं इन पुस्तकों को जो पाठ्यप-ुस्तकों से अलग हटकर के थी पाकर बेहद प्रसन्न नजर आए। इस शुभ अवसर पर भागीरथ फॉर गुड कॉसेस फाउंडेशन के निदेशक डॉ. सुरेश सैनी भी उपस्थित थे।


अखिल भारतीय प्रगतिशील सुल्तानपुर समाज के सेवा शिविर का 17 जनवरी को निरंतर निःशुल्क सेवाएं प्रदान करते हुए धन्यवाद ज्ञापन समारोह सम्पन्न हुआ। मंच पर क्षत्रिय समाज के संरक्षक जय प्रकाश सिंह, शंकर बक्श सिंह, समाज संरक्षक सूर्यनाथ सिंह, अध्यापक राय जी, अध्यक्ष प्रदीप ओझा, मौनी बाबा, उपाध्यक्ष बृजेंद्र प्रताप सिंह, योगेश अवस्थी एवं अन्य अतिथि मौजूद थे। अनिल सिंह, अमर बहादुर सिंह, श्रीनिवास सिंह, इंद्रजीत सिंह, लक्ष्मी निवास सिंह, अनय सिंह, प्रदीप मिश्रा को महासचिव सुरेंद्र प्रताप सिंह ने साल दे कर सम्मान किए।

# समाज्ञा संDay बzZ

## कुछ विशिष्ट हो चाय पिलाने का अंदाज



नीतू गुप्ता

किसी के साथ वक्त गुजारना हो, थकान उतारनी हो, रिश्तों में गर्मी लानी हो, रिश्ता पक्का करना हो, गप्पें लड़ानी हो, नींद भगानी हो तो आवश्यकता होती है एक प्याली चाय की। चाय सर्व करने वाला स्वभाव और शक्ल से खूबसूरत हो तो क्या कहने। लगता है बस चाय की चुस्कियां लेते रहें और बातें करते हुए समय को बांध कर रख लें।

चाय पीने पिलाने का प्रचलन केवल भारत में ही नहीं है। पूरे विश्व में इसका चलन है। बस पीने और पिलाने के तौर तरीके अलग हैं। चाय को यदि सही तरीके से सर्व किया जाए तो इसका मजा ही कुछ और होता है।

**पहली चाय:-** इसे अक्सर बडे.टी के नाम से जाना जाता है। इसे पीने और पिलाने में बड़ा मजा आता है। वैसे यह मजा तब अधिक हो जाता है जब दो चाहने वाले दिल एक साथ बैठकर चुस्की लेते हुए इसका मजा लें। नये शादीशुदा जोड़े या काम में व्यस्त पति-पत्नी को सुबह बालकनी में बैठकर चाय की चुस्की लेना बहुत अच्छा लगता है। लगता है समय ठहर जाए और कोई काम न हो। ऐसे में गर्मागर्म चाय दो मगों में डालकर हल्के से बिस्किट लेकर टेक्र में चाय ले जायें चेहरे पर मुस्कान लिए हुए। इस सुबह की चाय का नशा आपको सारा दिन चुस्त बनाए रखेगा।

यदि घर में मेहमान हैं और चाय इकट्ठे पीने का अवसर है तो केतली में चाय ले जाएं और चीनी अलग से ले जाएं। सबकी पसंद के अनुसार चीनी डालते हुए स्वयं भी उनके साथ बैठकर चाय की चुस्कियां लें और हल्की फुल्की बातें करते हुए माहौल को और सुहावना बनाएं।

ब्रंच टाइम की चाय:- इस समय फ्लेवर वाली चाय पीने का अपना मजा होता है। कुछ लोगों को मसाले वाली तो कुछ को अदरक, सौंफ, इलायची, दालचीनी वाली चाय अच्छी लगती है। हाउसवाइफ भी इस चाय का मजा ले सकती हैं बशर्ते उन्हें चाय पीने का शौक हो। वैसे कामकाजी लोग भी छुट्टी वाले दिन इसका मजा ले सकते हैं। घर पर मेहमान हों तो उनसे उनके टेस्ट को जानकर उसी फ्लेवर वाली चाय बनाएं। ऐसे में समयानुसार कुछ हल्के स्नैक्स रखें और चाय को केतली में ही ले जाएं, कप और सासर के साथ।

**शाम की चाय:-** (ईवनिंग टी):- ईवनिंग टी का बड़े शहरों में अलग-अलग समय होता है क्योंकि काम करने वाले जब घर पहुंचते हैं, तभी थकान उतारने के लिए गर्मागर्म चाय पीते हैं। घर पर रहने वाली महिलाएं तो शाम 4 से 6 बजे के बीच अपनी सुविधानुसार समय में अपने लिए और सास-ससुर के लिए चाय बना कर पी लेती हैं। साथ में कुछ चटपटा नमकीन चाय के जायके को दुगुना कर देता है।

पति के काम से आने पर कुछ हॉट हल्के स्नैक्स और हॉट मुस्कान के साथ हॉट टी सर्व करें तो पतिदेव की दिन की थकान दूर होते देर नहीं लगेगी।

खास मेहमान के लिए चाय:- घर पर यदि बहुत अच्छी फ्रैंड, खास संबंधी या मंगेतर आ रहा हो तो चाय कुछ विशेष रूप से सर्व होनी चाहिए ताकि सामने वाला कह उठे कि बड़ा लुत्फ आया चाय पीकर। टेक्र में खास मेहमान हेतु खास स्नैक्स (यदि आप उसकी पसंद जानते हों तो) रखें। चाय की केतली को सही तरीके से टिकोजी से ढकें। मिल्क पॉट, शुगर पॉट, टिश्यू पेपर, कप और सासर कुछ इस अंदाज से ट्राली में ले जाएं कि मेहमान बेताब हो जाए चाय पीने के लिए। जितने लोग चाय पी रहे हों, उतने ही चम्मच चीनी मिलाने के लिए रखें। हल्के म्यूजिक के साथ चाय पीने का मजा कुछ और ही है।

जब रिश्ते के लिए या देखने आएं:- जब लड़की या लड़के हेतु दूसरे परिवार से रिश्ता आए और वे लोग पहली बार देखने आ रहे हैं तो ऐसे में कोशिश करें कि लड़की से चाय की ट्रे न उठवायें क्योंकि उस समय वह नर्वस हो रही होती है। घर का जो भी सदस्य चाय लेकर जाए, वह ट्रे में रखी चीजों के बैंलेंस का पूरा ध्यान रखें। कई बार बैलेंस ठीक न होने से सामान या कप प्लेट गिरने का डर रहता है। ऐसे में थोड़े शाही अंदाज से सर्व करें। कैटल के नॉब को कुछ टेढ़ा कर सर्व करें।

## होंठ गुलाब की पंखुडियों जैसे रखें

ज्योति शर्मा



सर्दियां शुरू हुई नहीं कि उसका असर हमारी त्वचा पर पहले दिखने लग जाता है। एड़ियां फटने लगती हैं, त्वचा ड्राई हो जाती है और होंठों की हालत तो और भी बुरी हो जाती है। अगर आप भी अपने होंठों के फटने से परेशान हैं तो जरूरी है कि उनकी अतिरिक्त देखभाल की जाए।

**होंठों की देखभाल:-**

गुलाब की पंखुडियों जैसे गुलाबी होंठ किसे पसंद नहीं हैं पर जब तक ठंड के मौसम में ठंडी हवाओं के थपेड़ों की मार से उन्हें बचाकर न रखा जाए, यह संभव भी तो नहीं है। होंठों के फटने का एक प्रमुख कारण है हवा में नमी की कमी। होंठों को अतिरिक्त नमी की जरूरत होती है और हमारे शरीर में नमी की जो मात्रा मौजूद है, वह होंठों के लिए पर्याप्त नहीं है।

अगर आप रोजाना माश्चराइजिंग लोशन का इस्तेमाल करती हैं तो इससे आप के होंठ कुछ समय के लिए तो ठीक हो जाएंगें मगर यह अस्थायी इलाज है। आप चाहें तो पेट्रोलियम जैली भी अपने होंठों पर लगा सकती हैं मगर उसकी गुणवत्ता का भी ध्यान रखें नहीं तो उसका नकारात्मक प्रभाव आपके होंठों पर पड़ सकता है।

अगर होंठ ज्यादा फट गए हैं तो आप दादी मां के कुछ घरेलू नुस्खे भी अपना सकती हैं। रात को सोते समय होंठों पर घी लगाएं। सुबह तक आपके होंठ कोमल हो जांएगे। अगर घी नहीं है तो क्रीम या मक्खन भी लगा सकती हैं।

अगर आपको लगता है कि घरेलू नुस्खे और जैली ओल्ड फैशन हैं तो आप लिए बाम भी लगा सकती हैं। यदि आपको फल या फिर किसी फूल की खुशबू पसंद है तो मार्केट में फ्लेवर्ड लिप बाम भी उपलब्ध हैं। लिपबाम खरीदते समय उसकी एस पीएफ वैल्यू का भी ध्यान रखें। 15 या इससे अधिक एस पी एफ वैल्यू की लिपबाम का ही प्रयोग करें।

अगर इसके बावजूद होंठों का सूखना बदस्तूर जारी रहे तो अधिक से अधिक मात्रा में पानी पिएं। (उर्वशी)

## बच्चे पसंद करते हैं आहार में विविधता

सोनी मल्होत्रा

आजकल अधिकतर अभिभावकों को अपने बच्चे से एक परेशानी है कि वह खाने में बहुत चूज़ी है। घर का खाना तो बच्चा खाना ही नहीं चाहता। मुश्किल से दो-तीन चीजें ही उसकी पसंद की हैं। कुछ खाता ही नहीं है।

विशेषज्ञों के अनुसार अगर बच्चा स्वस्थ है, एक्टिव है, उसका वजन सामान्य है तो अभिभावकों को चिंता करने की जरूरत नहीं। बच्चे की भूख उसकी उम्र, उसकी चयापचय क्रिया पर निर्भर करती है और हर बच्चे की भूख में भिन्नता होती है इसलिए कभी भी यह मत देखें कि उसका बच्चा इतना अधिक खाता है और मेरा बच्चा इतना कम।

हां, जहां तक बच्चे की भोजन की आदतों का प्रश्न आता है तो वह स्वस्थ होनी बहुत आवश्यक है। यहां मुश्किल यह पेश आती है कि बच्चे आजकल दालों, सब्जियों की बजाय जंक फूड पसंद करते हैं और इसके लिए सबसे जरूरी है कि अभिभावकों को इस बात का ज्ञान होना कि बच्चे को किस उम्र में किस प्रकार का भोजन चाहिए होता है, उसके लिए कौन से खाद्य़ पदार्थ अच्छे हैं। तभी वह उसे सही खान-पान की आदतें डाल सकेंगे।

बच्चे को 4-5 महीने की उम्र में स्वाद की पहचान प्रारंभ हो जाती है और उसी उम्र से उसमें सही आदतों का विकास भी प्रारंभ हो जाना चाहिए। बच्चे को चावल से बने भोज्य पदार्थ,मैश सब्जियां आदि तभी से प्रारंभ कर देने चाहिए। जैसे-जैसे बच्चा बड़ा होता है उसे कई और भोज्य-पदार्थों का स्वाद पता चलता है पर बच्चे को भोजन के पोषक तत्वों का ज्ञान नहीं होता। उनके लिए उस समय स्वाद का अधिक महत्व होता है और वह प्रतिदिन रोटी-सब्जी के स्थान पर विविधता की मांग करते हैं। आइए जानें आप उनकी यह मांग किस प्रकार पूरी कर सकते हैं।

बच्चे की पसंद को समझें। अगर आपका बच्चा भरवां परांठे पसंद कर रहा है तो आपको उसे वह देने में कोई परेशानी नहीं लेकिन ऐसा नहीं कि रोज आलू का ही परांठा देते रहे। कभी उसे पनीर का, कभी हरी सब्जियों जैसे मेथी, पालक, पिसी दाल आदि का परांठा दें ताकि बच्चे को प्रोटीन भी मिलता रहे और उसे स्वाद में भी भिन्नता मिले। अगर वह ब्रेड अधिक पसंद करता है तो उसे कभी टमेटो सैंडविच, कभी वैजिटेबल आदि अलग वैरायटी पेश करें।

बच्चे को अधिक स्नैक्स खाने की आदत मत डालिए। इससे बच्चा ढंग से खाना नहीं खाएगा। दिन में एक-दो बार ही स्नैक्स दें और वह भी पोषक तत्वों से युक्त। बच्चे को तीन समय भोजन करने की आदत डालिए।

बच्चे को जबरदस्ती खाना खिलाने की कोशिश न करें। इससे अभिभावक अपना ही नुकसान करते हैं। बच्चा हर चीज में नखरे करने लगता हैं, इसलिए यह चिंता न करें कि बच्चा भूखा रहेगा। भूख लगने पर बच्चा खुद ब खुद कुछ खाएगा।

भोजन में नई चीजों को जोडें। एक ही तरह का भोजन बच्चे को कभी न परोसें। कभी चावल, कभी रोटी, कभी ब्रेड आदि चीजें बच्चे को परोसें। आप



अगर नाश्ते में हमेशा परांठे ही खाते हैं तो उसमें परिवर्तन लाएं। बच्चे स्वाद को महत्व देते हैं इसलिए भोजन की रूपरेखा बदलें। उन्हें गर्निश करें जिससे बच्चे को भोजन आकर्षक लगे। अगर आप रेस्टोरेंट,होटल में भोजन करते हैं तो आपने ध्यान दिया होगा कि वहां भोजन बनाने में उतनी मेहनत नहीं की जाती जितनी परोसने में। इसीलिए बच्चे को वह आकर्षक लगता है। आप भी थोड़ी मेहनत करिए।

भोजन करते समय आपके डायनिंग टेबल का माहौल अच्छा व खुशनुमा होना चाहिए। आप कितने भी व्यस्त क्यों न रहते हों पर इकट्ठे बैठ कर भोजन करें। बच्चे से उसकी दिनचर्या व उसके अनुभव शेयर करें। इससे बच्चा भी एंजाय करते हुए भोजन करेगा।

बच्चा दूसरे बच्चों के साथ मिलकर अच्छी तरह से खाता है इसलिए आपने नोट भी किया होगा कि आपका बच्चा दूसरों के घर जाकर ठीक ढंग से खाना खाना है और अपने घर में नखरे करता है। आप अपने घर में छोटी-छोटी पार्टी करते रहें और अपने बच्चे के दोस्तों को न्योता देते रहें।

कई बार अभिभावक अपने बच्चे को समय न देने की भरपाई उसे चाकलेट, टॉफी आदि देकर करते हैं और धीरे-धीरे ये बच्चे की पसंद बन जाते हैं और वह स्वयं इनकी मांग करने लगता है। ऐसा करके अभिभावक बच्चे में स्वयं गलत आदतें डालते हैं। ऐसा न करके बच्चे को समय देकर उसे पौष्टिक आहार खिलाकर उन्हें उनकी जिदंगी का अमूल्य उपहार अच्छा स्वास्थ्य दें। (उर्वशी)

## रेसिपी कार्नर — कूकीज




कूकीज खाना तो सबको पसंद होता है, खासकर बच्चों को। लेकिन बाजार में मिलने वाली कूकीज का अधिक सेवन जेब और स्वास्थ्य दोनों पर असर डाल सकता है। घर पर बनी कूकीज फ्रेश, बजट फ्रेंडली और लजीज बनती हैं।घर पर बनी कुकीज की खुशबू में जो अपनापन होता है, वह बाजार की किसी भी पैकेट वाली मिठास से बड़ा होता है। लेकिन अक्सर लोग सोचते हैं कि कुकीज बनाने के लिए माइक्रोवेव या ओवन जरूरी है। हालांकि आप बिना माइक्रोवेव, सिर्फ गैस चूल्हे और कढ़ाही से भी स्वादिष्ट और कुरकुरी कुकीज बना सकते हैं।

गैस स्टोव पर भी आप आसानी से बाजार जैसे स्वाद वाली कुरकुरी कूकीज बना सकते हैं। यहां बिना माइक्रोवेव कूकीज बनाने की सरल विधि बताई जा रही है, जिसे अपनाकर आप घर पर बाजार जैसी कूकीज आसानी से बना सकते हैं।

बिना माइक्रोवेव कुकीज बनाने की सरल विधि



### कूकीज बनाने के लिए सामग्री

मैदा- 1 कप
मक्खन- आधा कप
पिसी चीनी- आधा कप
बेकिंग पाउडर- आधा छोटा चम्मच
वनीला एसेंस -कुछ बूंदें
चॉकलेट चिप्स या ड्राई फ्रूट्स- इच्छानुसार

### कूकीज बनाने की विधि

**स्टेप 1-** एक बाउल में मक्खन और चीनी को हल्का व क्रीमी होने तक फेंटें।

**स्टेप 2-** इसमें वनीला एसेंस मिलाएं।

**स्टेप 3-** अब मैदा और बेकिंग पाउडर छानकर डालें और मुलायम आटा गूंथ लें।

**स्टेप 4-** आटे से छोटी-छोटी गोल टिक्कियां बनाएं।

**स्टेप 5-** एक भारी तली की कढ़ाही में नीचे नमक की परत बिछाएं और स्टैंड रखें।

**स्टेप 6-** प्लेट पर कुकीज रखकर ढक दें और धीमी आंच पर 20-25 मिनट पकाएं।

**स्टेप 7-** ठंडा होने पर कुकीज अपने आप कुरकुरी हो जाएंगी।

ध्यान रखें कूकीज बनाते समय आंच तेज न करें, वरना कुकीज ऊपर से जल सकती हैं और अंदर से कच्ची रह जाएंगी।

# कांग्रेस ने किया असम का असम्मान, घुसपैठियों के लिए द्वार खोल दिये: प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

**गुवाहाटी :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कांग्रेस पर असम की संस्कृति और विरासत का अपमान करने का आरोप लगाते हुए दावा किया कि घुसपैठियों के लिए पार्टी द्वारा लाल कालीन बिछाने से यह स्पष्ट हो गया है। मोदी ने यहां बोडो लोक नृत्य प्रदर्शन के दौरान यह भी दावा किया कि भाजपा सरकार पिछली कांग्रेस सरकारों के 'पापों को धो रही है।' उन्होंने कहा, जब हम असम और उसकी संस्कृति के प्रति सम्मान दिखाते हैं, तो कुछ लोगों को यह पसंद नहीं आता। आप सभी जानते हैं कि कौन सी पार्टी सम्मान दिखाना पसंद नहीं करती और वह कांग्रेस है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कांग्रेस ने यह सुनिश्चित किया कि असम का बोडोलैंड मुख्यधारा से कटा रहे। प्रधानमंत्री ने कहा, ''असम के सामने चुनौतियां थीं। लेकिन, बातचीत के माध्यम से समाधान खोजने के बजाय कांग्रेस ने राज्य को हिंसा की ओर धकेल दिया।'' उन्होंने कहा कि इस पुरानी पार्टी ने 'वोट बैंक की राजनीति' के लिए 'घुसपैठियों के वास्ते असम के द्वार खोल दिए' और इन अवैध कब्जाधारियों ने पूरे राज्य में जमीन हड़प ली। मोदी ने कहा कि असम की हिमंत विश्व शर्मा सरकार अब कांग्रेस के ''पापों को धो'' रही है और अतिक्रमित भूमि को खाली करा रही है। इस पूर्वोत्तर राज्य के प्रति अपना सम्मान और प्रेम जताते हुए मोदी ने कहा कि किसी भी अन्य प्रधानमंत्री ने असम का उतना दौरा नहीं किया जितना उन्होंने किया है।



प्रधानमंत्री मोदी ने गुवाहाटी में रोडशो का नेतृत्व किया

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बोडो नृत्य बागुरुम्बा देखा

गुवाहाटी : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को यहां बोडो समुदाय का पारंपरिक बागुरुम्बा नृत्य देखा। इस नृत्य कार्यक्रम में 10,000 से अधिक कलाकारों ने भाग लिया। दो दिवसीय दौरे पर असम पहुंचे मोदी ने कहा कि यह कार्यक्रम बोडो संस्कृति का जश्न है और समुदाय की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। प्रधानमंत्री ने शुक्रवार को 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''यह कार्यक्रम महान बोडो संस्कृति का जश्न है। केंद्र और असम की राजग सरकारें बोडोफा उपेंद्रनाथ ब्रह्मा के दृष्टिकोण को साकार करने के लिए व्यापक स्तर पर काम कर रही हैं।''

## एमसीडी आवारा कुत्तों पर माइक्रोचिप लगाने, टीकाकरण के लिए 35 करोड़ रुपये का प्रावधान करेगा

**नयी दिल्ली :** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) आगामी बजट में आवारा कुत्तों पर माइक्रोचिप लगाने और टीकाकरण के लिए लगभग 35 करोड़ रुपये का प्रावधान करेगा। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। माइक्रोचिप लगाने की प्रक्रिया में किसी जानवर की त्वचा के नीचे एक एकीकृत चिप लगाई जाती है, जिसके जरिए उसके टीकाकरण का रिकॉर्ड, स्थान और पहचान जैसी जानकारियां दर्ज की जाती हैं। नगर निगम के अधिकारियों ने कहा कि यह बजटीय प्रावधान दिल्ली में आवारा कुत्तों की आबादी के बेहतर प्रबंधन के लिए किया जा रहा है, जो सार्वजनिक सुरक्षा और पशु स्वास्थ्य को लेकर बढ़ती चिंताओं को दर्शाता है। अधिकारियों के मुताबिक, इस राशि में से 20 करोड़ रुपये नगर निगम सीधे खर्च करेगा, जबकि शेष 15 करोड़ रुपये पशु कल्याण के क्षेत्र में काम करने का अनुभव रखने वाले गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ) के साथ साझेदारी के माध्यम से खर्च किए जाएंगे। अधिकारियों ने कहा, एनजीओ के साथ यह तालमेल आवारा कुत्तों के टीकाकरण और उनकी निगरानी के लिए जरूरी जमीनी कामकाज का दायरा बढ़ाने और उसे तेज़ करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि निगम ने अगले 2-3 महीनों में दिल्ली में कम से कम 25,000 कुत्तों पर माइक्रोचिप लगाने और टीकाकरण का लक्ष्य भी तय किया है। उन्होंने कहा, माइक्रोचिप से टीकाकरण का रिकॉर्ड, स्थान और पहचान जैसी अहम जानकारियां दर्ज की जा सकेंगी, जिनका इस्तेमाल आगे चलकर स्वास्थ्य की निगरानी करने और कुत्तों के काटने या बीमारी के प्रकोप जैसी स्थितियों में त्वरित कदम उठाने के लिए किया जा सकेगा।

## न्यूज इन ब्रीफ

### दिल्ली के एक बुजुर्ग दंपति ने 'डिजिटल गिरफ्तारी' घोटाले में 14.85 करोड़ रुपये गंवाए, दो गिरफ्तार

**नयी दिल्ली :** दक्षिण दिल्ली में 'डिजिटल गिरफ्तारी' घोटाले में एक बुजुर्ग दंपति से 14.85 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि दिव्यांग पटेल (28) और कृतिक शितोले (26) गुजरात के निवासी हैं। दोनों को बृहस्पतिवार को वडोदरा से गिरफ्तार किया गया और ट्रांजिट रिमांड पर दिल्ली लाया गया। अधिकारियों ने बताया कि बाद में दिल्ली की एक अदालत ने दोनों आरोपियों को पूछताछ के लिए दो दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया। यह मामला साइबर धोखाधड़ी से संबंधित है जिसमें ग्रेटर कैलाश में रहने वाले एक बुजुर्ग दंपति को आरोपियों द्वारा कथित तौर पर 'डिजिटल गिरफ्तारी' में रखा गया और उन्हें बड़ी रकम हस्तांतरित करने के लिए मजबूर किया गया।

### वायनाड में नाबालिग लड़की पर तेजाब फेंका, आरोपी गिरफ्तार

**वायनाड (केरल) :** केरल के वायनाड जिले में 14 वर्षीय एक लड़की पर उसके पड़ोसी ने कथित तौर पर तेजाब फेंक दिया जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गई। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि पुलपल्ली में माराकावु के प्रियदर्शी उनाथी के रहने वाले आरोपी राजू जोस (53) को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस के अनुसार, जोस ने पड़ोस में रहने वाली आठवीं कक्षा की छात्रा महालक्ष्मी पर शुक्रवार शाम कथित तौर पर तेजाब फेंक दिया। उसने बताया कि पड़ोसियों में कई बातों को लेकर विवाद थे जिसके कारण जोस ने लड़की पर तेजाब फेंका। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने लड़की से हाल में उसकी 'स्टूडेंट पुलिस कैडेट' (एसपीसी) की वर्दी मांगी थी जिसे देने से उसने इनकार कर दिया था। उसने बताया कि पीड़िता को पहले नजदीकी सरकारी अस्पताल ले जाया गया और बाद में बेहतर इलाज के लिए कोझिकोड मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया गया। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि पीड़िता के शरीर का करीब 40 प्रतिशत हिस्सा झुलस गया है जिसमें चेहरे पर आईं चोट भी शामिल हैं।

### प्रधानमंत्री के असम दौरे के कारण कार्बी समुदाय के साथ दूसरे दौर की वार्ता स्थगित: हिमंत शर्मा

**गुवाहाटी :** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शनिवार को कहा कि पश्चिम कार्बी आंगलोंग जिले में दो समुदायों के बीच हाल ही में हुई हिंसा के बाद राज्य सरकार और कार्बी समुदाय के बीच वार्ता का दूसरा दौर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दौरे के मद्देनजर स्थगित कर दिया गया है। जिले में कार्बी समुदाय और हिंदी भाषियों के बीच आदिवासी क्षेत्रों में ग्राम चराई आरक्षित (वीजीआर) और व्यावसायिक चराई आरक्षित (पीजीआर) भूमि पर हिंदी भाषी लोगों द्वारा अतिक्रमण के आरोपों को लेकर विवाद चल रहा है। अतिक्रमित भूमि को खाली कराने के मुद्दे का समाधान निकालने के लिए 26 दिसंबर को राज्य सरकार, कार्बी आंगलोंग स्वायत्त परिषद (केएएसी) और प्रदर्शनकारियों के बीच एक त्रिपक्षीय बैठक आयोजित की गई थी और वार्ता का अगला दौर शनिवार को होना था।

## अदालत ने सतीश उपाध्याय के निर्वाचन को चुनौती देने संबंधी याचिका खारिज की

**नयी दिल्ली :** दिल्ली उच्च न्यायालय ने आम आदमी पार्टी (आप) नेता सोमनाथ भारती द्वारा 2025 के विधानसभा चुनाव में मालवीय नगर से भाजपा नेता सतीश उपाध्याय के निर्वाचन को चुनौती देने वाली याचिका शनिवार को खारिज कर दी। पिछले साल फरवरी में हुए दिल्ली विधानसभा चुनाव में उपाध्याय ने भारती को 39,564 मतों के अंतर से हराया था। भारती ने अपनी चुनाव याचिका में उपाध्याय पर जनप्रतिनिधित्व अधिनियम (आरओपीए) के तहत भ्रष्टाचार के आरोप लगाये थे, जिसमें उन्होंने कहा था कि उपाध्याय ने लोगों को कारों में मतदान केंद्रों तक लाने के लिए अपने एजेंट का इस्तेमाल किया था। भारती ने निर्वाचन क्षेत्र में कांग्रेस उम्मीदवार जितेंद्र कुमार कोचर के खिलाफ कुछ आरोप भी लगाये थे, जिनमें यह आरोप भी शामिल था कि कोचर का पूरा चुनाव अभियान विशेष रूप से उनके खिलाफ था और इसलिए उपाध्याय द्वारा एक झूठा मुकाबला पैदा करने की जानबूझकर और समन्वित रणनीति थी, जिसका उद्देश्य धर्मनिरपेक्ष वोटों को भ्रमित और विभाजित करना और अनुचित चुनावी फायदा प्राप्त करना था। न्यायमूर्ति जसमीत सिंह ने अपने फैसले में टिप्पणी की कि याचिकाकर्ता ने कथित भ्रष्ट आचरण को बढ़ावा देने में कांग्रेस उम्मीदवार की ''सक्रिय भागीदारी'' का आरोप लगाया है और कानूनी रूप से निर्धारित समय सीमा के भीतर उन्हें चुनाव याचिका में पक्षकार के रूप में शामिल करने में विफलता एक ''बड़ी त्रुटि'' है।

## प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल समाज के कल्याण के लिए हो, लोगों को इसका गुलाम नहीं बनना चाहिए: भागवत

**छत्रपति संभाजीनगर :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने शनिवार को कहा कि प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल समाज के कल्याण के लिए किया जाना चाहिए, लेकिन लोगों को इसका गुलाम नहीं बनना चाहिए। युवा उद्यमियों से बातचीत में भागवत ने इस पर जोर दिया कि स्वदेशी का उपयोग करने का मतलब प्रौद्योगिकी को नकारना नहीं है। यह संवाद आरएसएस के शताब्दी वर्ष समारोह के अंतर्गत आयोजित किया गया। उन्होंने कहा, प्रौद्योगिकी अपरिहार्य है और अपने आप में बुरी नहीं है, लेकिन हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हम इस पर इस हद तक निर्भर न हो जाएं कि यह हमें नियंत्रित करने लगे। आरएसएस प्रमुख ने कहा कि व्यापार और उद्योग को केवल लाभ के उद्देश्य से संचालित नहीं किया जाना चाहिए। भागवत ने कहा, हम सिर्फ अपने फायदे के लिए नहीं, बल्कि समाज की भलाई के लिए काम करते हैं। आजीविका कमाना और सामाजिक जिम्मेदारी साथ-साथ चलनी चाहिए। कृषि का उदाहरण देते हुए आरएसएस प्रमुख ने कहा कि भारतीय किसान अक्सर खेती को महज पेशा नहीं बल्कि अपना कर्तव्य मानते हैं। भागवत ने कहा, यह नेक विचार शायद ही कहीं और देखने को मिलता है। यह हमें याद दिलाता है कि हमारा काम समाज-केंद्रित होना चाहिए। उन्होंने कहा कि आधुनिक प्रौद्योगिकी को भारत की सामाजिक और आर्थिक परिस्थितियों के अनुकूल बनाया जाना चाहिए, और यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि प्रौद्योगिकी समाज को नुकसान न पहुंचाए या रोजगार के अवसरों को कम न करे।

### उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन ने भारत मंडपम में नौ दिवसीय रामकथा का उद्घाटन किया

**नयी दिल्ली :** उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन ने शनिवार को पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, जैन धर्मगुरु आचार्य लोकेश और रामकथा वाचक मोरारी बापू के साथ भारत मंडपम में नौ दिवसीय रामकथा का उद्घाटन किया। आधिकारिक बयान के अनुसार, 17 से 25 जनवरी के बीच इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति ने कहा कि जैन संत द्वारा आयोजित रामकथा एक ऐतिहासिक पहल है और उन्होंने आचार्य लोकेश के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने मोरारी बापू के प्रति सम्मान व्यक्त किया। पूर्व राष्ट्रपति कोविंद ने उल्लेख किया कि आचार्य लोकेश द्वारा आयोजित 'सनातन महाकुंभ' का उद्देश्य भारत की आध्यात्मिक नींव को मजबूत करना है।

## इस वर्ष से चारधाम मंदिर परिसरों में मोबाइल, कैमरे पर प्रतिबंध

**देहरादून :** उत्तराखंड में इस वर्ष से चार धाम के मंदिर परिसरों में मोबाइल फोन और कैमरे पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेंगे। ऋषिकेश स्थित चारधाम यात्रा ट्रांजिट कैंप में चारधाम यात्रा की तैयारियों एवं व्यवस्थाओं के संबंध में संबंधित जिलों के जिलाधिकारियों, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों तथा विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करने के बाद गढ़वाल आयुक्त विनय शंकर पांडेय ने संवाददाताओं को बताया कि बीते वर्षों में मंदिर परिसरों में मोबाइल फोन एवं कैमरा ले जाने से दर्शन व्यवस्था में कई समस्याएं सामने आई थीं और इसे देखते हुए मंदिर परिसरों में मोबाइल फोन एवं कैमरों को पूरी तरह से प्रतिबंधित करने का निर्णय लिया गया है। पांडेय ने कहा कि चारधाम यात्रा एक पवित्र यात्रा हैं जहां लोग श्रद्धा से आते हैं। उन्होंने कहा, ''श्रद्धालु, मोबाइल और कैमरा जमा कराके मंदिर में दर्शन करें और वहां से निकलने के बाद वे मंदिर की पृष्ठभूमि में अपने फोटो और वीडियो ले लें।'' उन्होंने बताया कि बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति को श्रद्धालुओं के मोबाइल फोन एवं कैमरा सुरक्षित रखने के लिए मंदिर परिसरों में पृथक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। गढ़वाल आयुक्त ने बताया कि चारधाम यात्रा को सुगम, सुरक्षित एवं सुविधाजनक बनाए जाने के उद्देश्य से अधिकारियों को सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि समीक्षा बैठक में पिछले वर्ष की यात्रा के दौरान सामने आई समस्याओं एवं अनुभवों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया तथा आगामी यात्रा की कार्ययोजना पर चर्चा की गयी।

## भारत में जाति अभी भी सबसे बड़ा प्रवेश फॉर्म, भेदभाव विरोधी कानून की जरूरत: राहुल

**नयी दिल्ली :** दलित छात्र रोहित वेमुला की मौत के दस साल पूरे होने के मौके पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को कहा कि शिक्षण संस्थानों में अनुसूचित जाति (एससी) समुदाय के युवाओं की स्थिति में कोई बदलाव नहीं आया है और देश में भेदभाव विरोधी कानून की सख्त जरूरत है। हैदराबाद विश्वविद्यालय के 26 वर्षीय छात्र रोहित ने संस्थान में कथित उत्पीड़न के बाद 17 जनवरी 2016 को खुदकुशी कर ली थी, जिसके बाद उच्च शिक्षण संस्थानों में जातिवाद के खिलाफ देशव्यापी प्रदर्शन शुरू हो गया था। इन विरोध-प्रदर्शनों में राहुल सहित कांग्रेस के कई नेता भी शामिल हुए थे। राहुल ने 'एक्स' पर



एक पोस्ट में कहा, आज रोहित वेमुला को गए 10 साल हो गए। लेकिन रोहित का सवाल आज भी हमारे सीने में धड़क रहा है : क्या इस देश में सबको सपने देखने का बराबर हक है? उन्होंने लिखा, रोहित पढ़ना चाहता था, लिखना चाहता था। वह विज्ञान, समाज और इंसानियत को समझकर इस मुल्क को बेहतर बनाना चाहता था। लेकिन इस व्यवस्था को एक दलित का आगे बढ़ना मंजूर नहीं था। लोकसभा में विपक्ष के नेता ने कहा कि संस्थागत जातिवाद, सामाजिक बहिष्कार, रोज-रोज की बेइज्जती, औकात दिखाने वाली भाषा और अमानवीय व्यवहार-यही वह जहर था, जिसने एक होनहार युवा को उस मुकाम तक धकेल दिया, जहां उसकी गरिमा छीन ली गई और उसे अकेला कर दिया गया। उन्होंने लिखा, और आज? क्या दलित युवाओं की हकीकत बदली है? शिक्षण संस्थानों में वही तिरस्कार, छात्रावास में उसी तरह से अलग-थलग किया जाना, कक्षा में कमतर समझा जाना, फिर वही हिंसा-और कभी-कभी वही मौत।

### भुवनेश्वर के सरकारी अस्पताल में चिकित्सक पर हमले के विरोध में डॉक्टरों जताया विरोध

**भुवनेश्वर :** ओडिशा के एक सरकारी अस्पताल के चिकित्सकों ने शनिवार को काली पट्टी पहनकर विरोध जताया क्योंकि एक दिन पहले ही किसी मरीज के परिजन ने कथित रूप से एक डॉक्टर पर हमला किया था। विरोध प्रदर्शन कर रहे चिकित्सकों के अनुसार, पुरी जिले के निमापाड़ा से शुक्रवार को इलाज के लिए कैपिटल अस्पताल आए मरीज के एक रिश्तेदार ने कथित तौर पर तीखी बहस के बाद एक डॉक्टर पर हेलमेट से हमला कर दिया। इस घटना के दौरान ड्रेसिंग रूम के एक कर्मचारी पर भी हमला किया गया। अस्पताल अधिकारियों के अनुसार, डॉक्टर के बाएं हाथ की हड्डी में चोट आई है।

## संधियां राष्ट्रीय हित के आधार पर होनी चाहिए, न कि विदेशी सरकारों या निगमों के दबाव में : न्यायालय

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने कहा कि संधियां राष्ट्रीय हित के आधार पर होनी चाहिए, न कि विदेशी सरकारों या निगमों के दबाव में। न्यायालय ने यह भी कहा कि भारत को अंतरराष्ट्रीय कर समझौते करते समय अपनी कर संप्रभुता की रक्षा करनी चाहिए, निष्पक्षता सुनिश्चित करनी चाहिए और दुरुपयोग को रोकना चाहिए। न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला की ये टिप्पणियां उस फैसले के दौरान आईं, जिसमें शीर्ष अदालत ने घरेलू राजस्व अधिकारियों के उस निर्णय को बरकरार रखा, जिसके अनुसार अमेरिका स्थित निवेशक कंपनी 'टाइगर ग्लोबल' द्वारा 2018 में फ्लिपकार्ट से बाहर निकलने पर उत्पन्न पूंजीगत लाभ भारत में कर



योग्य है। न्यायमूर्ति पारदीवाला ने एक अलग लेकिन सहमति वाला फैसला लिखा, जिसमें यह स्पष्ट किया गया कि भारत को अंतरराष्ट्रीय कर संधियों के प्रति किस तरह का व्यापक दृष्टिकोण अपनाना चाहिए। उन्होंने कहा, ''कर संधियां, अंतरराष्ट्रीय समझौते, प्रोटोकॉल और सुरक्षा उपाय अत्यंत सहभागी, पारदर्शी होने चाहिए और उनमें समय-समय पर समीक्षा की व्यवस्था होनी चाहिए। साथ ही संधि से बाहर निकलने के मजबूत प्रावधानों के साथ पुनः वार्ता की शक्ति भी होनी चाहिए, ताकि अनुचित परिणामों से बचा जा सके, राष्ट्र के रणनीतिक और सुरक्षा हितों की रक्षा हो, कर आधार के क्षरण तथा लोकतांत्रिक नियंत्रण के नुकसान या कमजोर पड़ने को रोका जा सके और संप्रभु के कराधान अधिकार की रक्षा के लिए स्पष्ट प्रावधान शामिल किए जा सकें।'' न्यायमूर्ति पारदीवाला ने कहा, ''संधियां राष्ट्रीय हित के आधार पर की जानी चाहिए, न कि विदेशी सरकारों या निगमों के दबाव से।''

## राज्यसभा में 19 विधेयक लंबित, सबसे पुराना 1992 का

**नयी दिल्ली :** राज्यसभा में कुल 19 सरकारी विधेयक लंबित हैं, जिनमें सबसे पुराना जनसंख्या नियंत्रण से संबंधित है और यह 1992 का है। राज्यसभा एक स्थायी सदन है जो कभी भंग नहीं होता, और इसके एक-तिहाई सदस्य हर दो साल में सेवानिवृत्त होते हैं। लोकसभा में लंबित विधेयक सदन के भंग होने पर समाप्त हो जाते हैं, राज्यसभा में लंबित विधेयक कभी समाप्त नहीं होते। संसद के उच्च सदन के बुलेटिन के अनुसार, वर्तमान में 19 विधेयक लंबित हैं, जिनमें सबसे पुराना 'संविधान (79वां संशोधन) विधेयक, 1992' है। इस विधेयक में राज्य नीति के निर्देशक सिद्धांतों में संशोधन का प्रस्ताव है, जिसके तहत राज्य को जनसंख्या नियंत्रण और छोटे परिवार मानदंड को बढ़ावा देना होगा और छोटे परिवार मानदंड को बढ़ावा देना एवं अपनाना मौलिक कर्तव्यों में शामिल किया जाएगा। इसमें यह भी प्रस्ताव है कि यदि किसी सांसद या विधायक के दो से अधिक बच्चे हैं तो उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा। लंबित विधेयकों में दिल्ली किराया (संशोधन) विधेयक, 1997 भी शामिल है, जिसका उद्देश्य दिल्ली किराया अधिनियम, 1995 में संशोधन करना था। इसका लक्ष्य किराया नियंत्रण कानूनों का आधुनिकीकरण करना था, लेकिन इसे किरायेदार और मकान मालिक समूहों से बड़े विरोध का सामना करना पड़ा।

## अल-फलाह ने लालकिला विस्फोट से जुड़े चिकित्सकों को बिना पुलिस जांच के नियुक्त किया था: ईडी

**नयी दिल्ली :** फरीदाबाद स्थित अल फलाह विश्वविद्यालय ने अन्य विशेषज्ञों सहित तीन चिकित्सकों की नियुक्ति बिना किसी पुलिस जांच या सत्यापन के की थी। इन तीन चिकित्सकों में से दो को राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने गिरफ्तार किया है और तीसरा लालकिला के पास नवंबर 2025 में हुए धमाके का कथित आत्मघाती हमलावर था। प्रवर्तन निदेशालय की जांच से यह जानकारी सामने आयी है। समझा जाता है कि विश्वविद्यालय के प्रवर्तक के खिलाफ धनशोधन मामले की जांच के तहत एजेंसी ने विभिन्न वरिष्ठ अधिकारियों और शिक्षकों के बयानों को दिल्ली की अदालत में शुक्रवार को दाखिल आरोपपत्र में संलग्न किया है। अल फलाह समूह के अध्यक्ष जवाद अहमद सिद्दीकी (61) और विश्वविद्यालय के सभी शैक्षणिक संस्थाओं को नियंत्रित करने वाले अल फलाह चैरिटेबल ट्रस्ट धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) धाराओं के तहत दर्ज शिकायत में दो आरोपियों के रूप में नामजद हैं। लगभग 260 पन्नों के आरोपपत्र में सिद्दीकी और उनके ट्रस्ट पर छात्रों द्वारा भुगतान की गई फीस से अवैध धन जुटाने और साथ ही अपने संस्थानों की मान्यता और प्रमाणन के बारे में कथित रूप से गलत जानकारी देने के आरोप में मुकदमा चलाने का अनुरोध किया गया है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को जारी एक बयान में कहा कि उसने विश्वविद्यालय की जमीन और इमारत को अस्थायी रूप से जब्त कर लिया है, यह संपत्ति लगभग 140 करोड़ रुपये की है और फरीदाबाद के धौज इलाके में स्थित है। अभी तक अदालत ने ईडी के आरोपपत्र पर संज्ञान नहीं लिया है। अधिकारियों ने ईडी के आरोपपत्र का हवाला देते हुए 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर सिर्फ कागजों पर ही नियुक्त थे।

## भागीरथ फॉर गुड कॉसेस फाउंडेशन ने देहरादून में विद्यार्थियों को पुस्तकें वितरित कीं




**देहरादून :** भागीरथ फॉर गुड कॉसेस फाउंडेशन द्वारा मकर संक्रांति के अवसर पर 16 जनवरी को देहरादून स्थित राजकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय, जाखन में पुस्तक वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं को कहानियों सहित अन्य उपयोगी पुस्तकों का वितरण किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में पठन-पाठन की रुचि विकसित करना तथा उन्हें पाठ्यपुस्तकों से इतर ज्ञानवर्धक साहित्य से जोड़ना था। पुस्तकें प्राप्त कर छात्र-छात्राएं अत्यंत उत्साहित और प्रसन्न नजर आए। कार्यक्रम में भागीरथ फॉर गुड कॉसेस फाउंडेशन के निदेशक डॉ. सुरेश सैनी भी उपस्थित रहे।

# महाराष्ट्र स्थानीय चुनाव : भाजपा 29 महानगरपालिकाओं में 1,425 सीटें जीतकर सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी

**मुंबई :** महाराष्ट्र के नगर निकाय चुनावों में भाजपा 2,869 सीटों में से 1,425 सीटें जीतकर मुंबई और पुणे सहित 12 से अधिक महानगरपालिकाओं में सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी तथा उसने ठाकरे और पवार परिवारों के गढ़ों में सेंध लगाई। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने 227 सदस्यीय बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) में 89 सीटें जीतकर देश के सबसे धनी नगर निकाय में ठाकरे परिवार का तीन दशक पुराना वर्चस्व समाप्त कर दिया। भाजपा के सहयोगी दल शिवसेना ने बीएमसी में 29 सीटें अपने नाम कीं जबकि उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (उबाठा) को 65 और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) को छह सीटें मिलीं। वंचित बहुजन आघाडी (वीबीए) के साथ गठबंधन में चुनाव लड़ने वाली कांग्रेस को 24 सीटें, ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) को आठ, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) को तीन, समाजवादी पार्टी को दो और राकांपा (शप) को सिर्फ एक सीट मिली। भाजपा नवी मुंबई में 65, कल्याण-डोंबिवली में 50, मीरा-भायंदर में 78, नासिक में 72, पनवेल में 55, पुणे में 119, पिंपरी-चिंचवड़ में 84, सोलापुर में 87, छत्रपति संभाजीनगर में 57, नांदेड़ में 45 और नागपुर में 102 सीटों के साथ सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। पुणे में भाजपा ने पवार परिवार को चौंकाते हुए 119 सीटें जीतीं, जबकि अजित पवार के नेतृत्व वाली राकांपा 27 सीटों के साथ दूसरे स्थान पर रही और उसकी सहयोगी राकांपा (शप) को तीन सीटें मिलीं। कांग्रेस को 15 सीटें ही मिल पाईं। नागपुर में 151 सदस्यीय महानगरपालिका में भाजपा का दबदबा रहा और उसे 102 सीटें मिलीं, जबकि कांग्रेस को मात्र 34 सीटें ही प्राप्त हुईं। नासिक में भाजपा को 72 सीटें, शिवसेना को 26, शिवसेना (उबाठा) को 15, कांग्रेस को तीन और राकांपा को चार सीटें मिलीं। छत्रपति संभाजीनगर में भी भाजपा की जीत का सिलसिला जारी रहा, जहां उसने 57 सीटें जीतीं। उसके बाद शिवसेना ने 13 और कांग्रेस ने एक सीट जीती, जबकि राज्य निर्वाचन आयोग (एसईसी) में पंजीकृत अन्य पार्टियों विशेष रूप से एआईएमआईएम, ने 33 सीटें हासिल कीं। कांग्रेस को भिवंडी में 30 सीटें, चंद्रपुर में 27 और लातूर में 43 सीटें हासिल कर महत्वपूर्ण जीत हासिल की। अंतिम मतगणना के अनुसार, 29 महानगरपालिकाओं में कुल 2,869 सीटों में से भाजपा ने 1,425 सीटें, शिवसेना ने 399, कांग्रेस ने 324, राकांपा ने 167, शिवसेना (उबाठा) ने 155, राकांपा (शप) ने 36, मनसे ने 13, बसपा ने छह, एसईसी से पंजीकृत पार्टियों ने 129, गैर-मान्यता प्राप्त दलों ने 196 और 19 निर्दलीय उम्मीदवारों ने जीत हासिल की। महाराष्ट्र में जिन नगर निकायों के लिए चुनाव हुए थे, उनमें मुंबई, छत्रपति संभाजीनगर, नवी मुंबई, वसई-विरार, कल्याण-डोंबिवली, कोल्हापुर, नागपुर, सोलापुर, अमरावती, अकोला, नासिक, पिंपरी-चिंचवड़, पुणे, उल्हासनगर, ठाणे, चंद्रपुर, परभणी, मीरा-भायंदर, नांदेड़-वाघाला, पनवेल, भिवंडी-निजामपुर, लातूर, मालेगांव, सांगली-मिराज-कुपवाड, जलगांव, अहिल्यानगर, धुले, जालना और इचलकरंजी शामिल रहे।

### महाराष्ट्र निकाय चुनाव के बाद हारी हुईं पार्टियों को आत्ममंथन करना चाहिए: ओवैसी

**हैदराबाद :** ऑल इंडिया मजलिस्-ए-इत्तेहाद-उल-मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने महाराष्ट्र के 29 महानगरपालिकाओं में हुए चुनाव में अपनी पार्टी के 125 उम्मीदवारों की जीत के लिए शनिवार को राज्य की जनता का आभार व्यक्त किया और कहा कि जो पार्टियां चुनाव हार गईं, उन्हें आत्ममंथन करना चाहिए। ओवैसी ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि एआईएमआईएम तेलंगाना में नगर निगम चुनाव लड़ने की भी तैयारी कर रही है और पार्टी पहले ही इच्छुक उम्मीदवारों के नाम मांग चुकी है।

### पुणे में लोगों ने अजित दादा को नहीं नकारा, बल्कि मोदी और भाजपा के नेतृत्व को स्वीकारा: फडणवीस

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने पुणे और पिंपरी-चिंचवड महानगरपालिका चुनावों में जीत के बाद शनिवार को कहा कि जनता ने उपमुख्यमंत्री अजित पवार को नहीं नकारा, बल्कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व को स्वीकारा है। अजित पवार, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के प्रमुख हैं और यह पार्टी सत्तारूढ़ गठबंधन का हिस्सा है। पुणे का 'दादा' कौन होगा, इस सवाल के जवाब में फडणवीस ने कहा, ''पुणे की जनता ही दादा है और हम उनके सेवक हैं।'' अजित पवार को मराठी में 'दादा' के नाम से पुकारा जाता है। फडणवीस ने पुणे में एक कार्यक्रम के दौरान पुणे और पिंपरी-चिंचवड महानगरपालिका चुनावों में मिली शानदार जीत के लिए पुणे के नागरिकों को धन्यवाद दिया।

### अगर ईश्वर की इच्छा हुई तो मुंबई में शिवसेना (उबाठा) अपना महापौर बनाएगी : उद्धव ठाकरे

शिवसेना (उबाठा) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने शनिवार को कहा कि अगर ईश्वर की इच्छा हुई तो पार्टी मुंबई में अपना महापौर नियुक्त करने में सफल हो सकती है। ठाकरे की यह टिप्पणी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)-एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले शिवसेना गठबंधन द्वारा बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) चुनाव में शानदार जीत मिलने के एक दिन बाद आई है। बीएमसी पर गत ढाई दशक से अविभाजित शिवसेना का शासन था। यह कूट टिप्पणी इस अनिश्चितता के बीच आई है कि आखिर महापौर पद किसके पास जाएगा, भाजपा या शिवसेना के। ठाकरे ने पार्टी कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए कहा कि मुंबई में शिवसेना (उबाठा) का महापौर बनाना उनका सपना है, और अगर ईश्वर की इच्छा हुई तो यह सपना साकार होगा।

# अंडर 19 विश्व कप : भारत की बांग्लादेश पर जीत में चमके विहान, वैभव और कुंडू



**बुलावायो :** आफ स्पिनर विहान मल्होत्रा की शानदार गेंदबाजी और वैभव सूर्यवंशी व अभिज्ञान कुंडू की उपयोगी पारियों की बदौलत भारत ने अंडर-19 विश्व कप के वर्षाबाधित मुकाबले में शनिवार को बांग्लादेश को डकवर्थ-लुईस प्रणाली से 18 रन से हरा दिया। 49 ओवर प्रति टीम के मैच में भारत 238 रन पर सिमट गया। इसके जवाब में बांग्लादेश की टीम जीत की ओर बढ़ती दिख रही थी, लेकिन उसने 40 रन के भीतर आठ विकेट गंवा दिए और पूरी टीम 28.3 ओवर में 146 रन पर ढेर हो गई। बारिश के कारण लक्ष्य संशोधित कर 29 ओवर में 165 रन कर दिया गया था।एक समय बांग्लादेश 20 ओवर में दो विकेट पर 102 रन बनाकर डीएलएस के अनुसार आगे था, लेकिन इसके बाद विहान मल्होत्रा ने मैच का रुख पलट दिया। उन्होंने 14 रन देकर चार विकेट चटकाए। बाएं हाथ के स्पिनर खिलन पटेल और हेनिल पटेल ने भी अहम विकेट लिए।भारत की ओर से अभिज्ञान कुंडू ने दो जीवनदानों का फायदा उठाते हुए 80 रन की अहम पारी खेली, जबकि वैभव सूर्यवंशी ने संयमित 72 रन बनाए। बांग्लादेश के अल फहाद ने पांच विकेट लेकर प्रभावित किया।इस जीत के साथ भारत ग्रुप बी में दो मैचों में चार अंक लेकर शीर्ष पर पहुंच गया है।

## आस्ट्रेलियाई ओपन के पहले औपचारिक उद्घाटन समारोह में फेडरर आकर्षण का केंद्र

**मेलबर्न :** आस्ट्रेलियाई ओपन के पहले औपचारिक उद्घाटन समारोह में रोजर फेडरर सभी के आकर्षण का केंद्र रहे। करीब 15000 की क्षमता वाला स्टेडियम खचाखच भरा था और आस्ट्रेलिया के महान टेनिस खिलाड़ी रॉड लावेर भी मौजूद थे जो अपने नाम पर बने मेलबर्न पार्क के सेंटर कोर्ट रॉड लावेर एरिना में बैठे थे। छह बार आस्ट्रेलियाई ओपन और 20 बार ग्रैंडस्लैम जीत चुके फेडरर ने नुमाइशी युगल मैच में पैट राफ्टर और लेटन हेविट के खिलाफ आंद्रे अगासी के साथ खेला। मैच देखने के लिये रिकॉर्ड 24 बार के ग्रैंडस्लैम चैम्पियन नोवाक जोकोविच भी मौजूद थे।

## भारत की निगाह घरेलू धरती पर वनडे रिकॉर्ड बरकरार रखने पर, इतिहास रचने उतरेगा न्यूजीलैंड

**इंदौर :** अब तक घरेलू धरती पर वनडे में शानदार रिकार्ड रखने वाले भारत को न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रृंखला जीतने के लिए रविवार को यहां होने वाले तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में तीनों विभाग में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। न्यूजीलैंड की टीम की निगाह भी श्रृंखला जीतकर इतिहास रचने पर होगी। तीन मैचों की श्रृंखला अभी 1-1 से बराबर है। मार्च 2019 के बाद से भारत ने अपने घरेलू मैदान पर कोई द्विपक्षीय वनडे श्रृंखला नहीं हारी है। तब ऑस्ट्रेलिया ने 0-2 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए श्रृंखला 3-2 से जीती थी लेकिन अब यह रिकॉर्ड दांव पर लगा है। न्यूजीलैंड के लिए भी यह मैच काफी महत्वपूर्ण है। उसकी टीम ने 1989 से द्विपक्षीय वनडे मैचों के लिए भारत का दौरा किया है, लेकिन यहां कभी भी श्रृंखला नहीं जीती है। इस इंतजार को खत्म करने का यह उसके पास संभवत: सबसे अच्छा अवसर है। भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर नहीं चाहेंगे कि उनके नेतृत्व में घरेलू



मैदान पर टीम को एक और श्रृंखला में हार का सामना करना पड़े। विशेषकर तब जबकि उन्होंने कई अनचाहे रिकॉर्ड बनाए हैं। गंभीर के कोच रहते हुए भारत ने घरेलू मैदान पर पांच टेस्ट मैच हारे हैं और पहली बार श्रीलंका में वनडे श्रृंखला गंवाई। राजकोट में खेले गए दूसरे वनडे में भारत की हार किसी एक असाधारण पारी के कारण नहीं बल्कि न्यूजीलैंड का बीच के ओवरों में शानदार नियंत्रण बनाए रखने के कारण हुई।

## जोकोविच की निगाह 25वें खिताब पर, अल्काराज और सिनर से पार पाने की उम्मीद

**मेलबर्न :** नोवाक जोकोविच को अब भी पूरा भरोसा है कि वह अपना 25वां एकल ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने में सफल रहेंगे और उन्हें उम्मीद है कि रविवार से शुरू होने वाले ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट में वह कार्लोस अल्काराज और यानिक सिनर की कड़ी चुनौती से पार पाने में सफल रहेंगे। जोकोविच पिछले साल चारों ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचे थे लेकिन वह अल्काराज और सिनर की चुनौती से पार पाने में असफल रहे थे। वर्ष के पहले ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में एक बार फिर से यह दोनों युवा खिलाड़ी उनकी राह में सबसे बड़ी बाधा बन सकते हैं। जोकोविच ने शनिवार को ऑस्ट्रेलियाई ओपन की पूर्व संध्या पर कहा, ''2025 में मैंने सिनर या अल्काराज़ के खिलाफ खेले गए चार ग्रैंड स्लैम मैच में से तीन में हार का सामना किया।'' उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा, हमें उनकी ज्यादा तारीफ करने की जरूरत नहीं है।

## विजेंदर एशियाई मुक्केबाजी परिषद के सदस्य नियुक्त

**नयी दिल्ली :** भारतीय मुक्केबाजी के दिग्गज विजेंदर सिंह को एशियाई मुक्केबाजी परिषद में सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया है, जो एक शीर्ष खिलाड़ी से वैश्विक खेल प्रशासक बनने के उनके सफर में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि है। विजेंदर भारत के पहले ओलंपिक मुक्केबाज हैं, जिनके पास एमेच्योर और पेशेवर मुक्केबाजी दोनों में खेल के सर्वोच्च स्तर पर खेलने का लगभग दो दशकों का अनुभव है। एशियाई मुक्केबाजी परिषद में उनकी नियुक्ति खेल की उनकी गहरी समझ और पूरे महाद्वीप में इसके विकास के प्रति उनकी निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इस संदर्भ में विजेंदर ने कहा, ''एशियाई मुक्केबाजी परिषद के सदस्य के रूप में नियुक्त होने पर मैं सम्मानित महसूस कर रहा हूं। इस जिम्मेदारी को मुझे सौंपने के लिए मैं भारतीय मुक्केबाजी महासंघ और उसके नेतृत्व का आभार व्यक्त करना चाहता हूं।'' उन्होंने कहा, उम्मीद है कि मैं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पूरी क्षमता से इस भूमिका को निभाऊंगा।







वर्ष 10, पूर्णांक 3477 अंक 287, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित। सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in